RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 184 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, बुधवार 11 मई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



डॉ. सम्पत ने दिव्यांग को दी ट्राई साईकिल, अनाथ बच्चों के ... पेज -3 पर



सड़क दुर्घटना में व्यवसायी दम्पति की मौत के बाद घटनास्थल पर पहुंचे ... पेज -8 पर

## एक नजर

### वन मंत्री मोहम्मद अकबर से महंत रामसुंदर दास ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** वन तथा आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री मोहम्मद अकबर से श्री दुग्धाधारी मठ के महंत श्री रामसुंदर दास ने अंतरराज्यीय बस स्टैण्ड भाटागांव के सामने व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण करने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने इस अवसर पर मंत्री श्री मोहम्मद अकबर का शॉल भेंटकर अभिनंदन किया। अंतरराज्यीय बस स्टैण्ड के लिए श्री बालाजी स्वामी ट्रस्ट श्री दुग्धाधारी मठ ने जमीन प्रदान की थी। इसके पूर्व बस स्टैण्ड नगर के घनी अबादी वाले क्षेत्र पंडरी में था, जहां हमेशा यातायात जाम की स्थिति बनी रहती थी। अंतरराज्यीय बस स्टैण्ड का निर्माण भाटागांव में किया गया है। श्री दुग्धाधारी मठ बस स्टैण्ड के सामने खाली पड़ी अपनी जमीन पर व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण करना चाहता है।

इसके लिए मठ के महंत श्री रामसुंदर दास ने प्रदेश के आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री मोहम्मद अकबर से भेंटकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि बस स्टैण्ड में आने-जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए मठ अपनी जमीन पर व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण करना चाहता है। कॉम्पलेक्स में विभिन्न प्रकार की वस्तुओं की दुकानें खुलेगी।

## सीएम का दौरा, दहशत में अफसर:बिलासपुर में राजस्व के तमाम मामले लंबित

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आकस्मिक दौरे को लेकर बिलासपुर में अफसर लापरवाही बरत रहे हैं। यही वजह है कि लंबित प्रकरणों का अब तक निराकरण नहीं किया जा सका है। मंगलवार को कलेक्टर ने सीएम के दौरे की तैयारी को लेकर बैठक ली, तब पता चला कि राजस्व प्रकरणों के साथ ही अन्य मामले भी लंबित है। उन्होंने सभी अधिकारियों को मुख्यालय में रहने के साथ ही लंबित शिकायत व समस्याओं के निराकरण करने के लिए गांव-गांव में शिविर लगाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि, अभी उनके यहां आने की तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन, उनके निरीक्षण के पहले ही जिला प्रशासन विभागीय कार्यों को दुरुस्त करने में जुट गए हैं। कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने ष्टरू के निरीक्षण को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जमीनी स्तर पर जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा सरकारी कामकाज की समीक्षा के लिए जिलों का दौरा कर रहे हैं।




### कलेक्टर बोले- गांव-गांव शिविर लगाएं, 3 दिन में करें शिकायतों का निराकरण

कलेक्टर ने अफसरों को राशन दुकानों का बेहतर संचालन, आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालयों की व्यवस्था, स्वास्थ्य केंद्रों में सभी सुविधाएं, धन्वंतरि मेडिकल स्टोर का संचालन सहित शासकीय कामकाज में कसावट लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी गौठानों में गोबर खरीदी का कार्य सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए।

### सभी निर्माण कार्य जल्दी पूरा करने दिए निर्देश

मंथन सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर ने गौठानों में बोरवेल कराने, पंप लगाने, गोबर खरीदी, वर्मी टैंक बनाने, वर्मी कम्पोस्ट बनाने, शेड निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट का उठाव करने तथा नियमित भुगतान कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के पूर्व अपने ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर समस्या से रूबरू होने के साथ ही समस्याओं को दूर करने के निर्देश भी दिए।

## भिलाई के अंडरब्रिज शेड में लगी भीषण आग, लोगों ने भागकर बचाई जान

भिलाई। छतीसगढ़ के भिलाई शहर के एक अंडरब्रिज में भीषण आग लग गई। आग से पूरा पीवीसी शेड जलकर राख हो गया है। आगजनी की घटना के दौरान अंडरब्रिज से लोग आना-जाना कर रहे थे। आग देखकर वाहन चालक अंडरब्रिज से तेजी से बाहर निकले। दोपहर का वक्त होने की वजह से ज्यादा भीड़ नहीं थी।



शाम के वक्त इस अंडरब्रिज पर ट्रैफिक का भारी दबाव रहता है। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल वाहनों ने एक घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया। धुएं का गुबार दूर तक दिख रहा था। कुछ समय के लिए लोग दहशत में भी आ गए थे।

मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग जिले के भिलाई स्थित नेहरू नगर अंडरब्रिज पर दोनों और लाखों रुपये की लागत से दो साल पहले प्लास्टिक के शीट्स लगाए गए हैं। मंगलवार दोपहर 3 बजे के आसपास अचानक सीट से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गई। धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा। पास लगे ओवरब्रिज पर भी लोगों की भारी भीड़ लग गई। जिस वक्त आग लगी उस समय अंडरब्रिज से लोग आना-जाना कर रहे थे। आगजनी की घटना के दौरान अंदर से गुजर रहे वाहन चालक तेजी से बाहर निकले। आस-पास मौजूद लोगों ने सुपेला पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने पर भिलाई नगर निगम के महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे भी मौके पर पहुंचे।

### अंडरब्रिज के पास कचरा जलाने की आशंका

*आग लगने का कारण अभी सामने नहीं आया। बताते हैं कि यहां गन्ना रस बेचने वाले ने कचरा डाल रखा था। सूखे कचरे में संभवत किसी ने आग लगाई होगी। वहीं आस-पास के लोगों का कहना है कि अंडरब्रिज के पास काफी कचरे का ढेर था। कई लोग यहां पर कचरा डंप भी कर देते हैं। कचरे को राख करने किसी ने आग लगाई होगी, जो फैलते हुए अंडरब्रिज के सीट तक पहुंच गई। प्लास्टिक की सीट ऊपर से तपती गर्मी के कारण आग तेजी से फैल गई। समय रहते फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पा लिया।*

## तलवार से अधेड़ का काट दिया कान

हमला कर युवक थाने पहुंच बोला- मैंने मार दिया है, पर पुलिस ने मजाक समझ भगा दिया

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में एक युवक ने दुकान पर चाय पी रहे अधेड़ पर तलवार से हमला कर दिया। युवक ने अधेड़ का कान काट दिया। चेहरे और सिर पर भी वार किया। इसके बाद वहां से भाग निकला। अधेड़ को स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उनकी हालत गंभीर देख रायपुर AIIMS रेफर कर दिया गया है। दूसरी ओर पुलिस ने अभी तक आरोपी युवक पर कोई कार्रवाई नहीं की है। पुलिस का कहना है कि वह मानसिक रूप से बीमार है।

जानकारी के मुताबिक, सिटी कोतवाली क्षेत्र के बनिया पारा वार्ड निवासी संतोष यादव (55) सोमवार सुबह पान की दुकान के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान पोस्ट ऑफिस वार्ड निवासी एक युवक हाथ में तलवार लेकर दौड़ता हुआ और उसने संतोष पर एक के बाद एक तीन वार कर दिए। तलवार के



हमले से घायल संतोष लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। अचानक हुए इस हमले को लेकर कोई कुछ समझ ही नहीं पाया और आरोपी युवक वहां से भाग निकला।

### हत्या के प्रयास की जगह, मारपीट में FIR

आसपास के लोग संतोष को उठाकर बठेना अस्पताल ले गए। जहां उनकी हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने रायपुर रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक हमला करने के बाद थाने पहुंचा और उसने तलवार से मारने की बात भी कही, लेकिन पुलिस ने मजाक समझ कर उसको भगा दिया। वहीं परिजनों ने मामले को रफा-दफा करने का आरोप पुलिस पर लगाया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास की जगह मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### थाना प्रभारी बोले- जरूरी प्रक्रिया के बाद कार्रवाई

*परिजनों का कहना है कि पुलिस ने स्न्ढ्ढक्र दर्ज करने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। आरोपी अभी भी खुलेआम घूम रहा है। वहीं हमले से वार्ड के लोगों में काफी नाराजगी है। वह लोग स्क्क दफ्तर पहुंचकर कार्रवाई की मांग भी करने वाले हैं। दूसरी ओर थाना प्रभारी भुनेश्वर नाग का कहना है कि युवक का डाक्टरी मुलाहिजा कराया गया। उसे मानसिक बीमार घोषित किया गया है। ऐसे में आवश्यक प्रक्रिया के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

नशे में धुत पिकअप चालक ने मजदूरों को रौंदा

## एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर, बिलासपुर रेफर; सड़क किनारे कर रहे थे काम

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में मंगलवार को शराब के नशे में धुत एक पिकअप चालक ने दो मजदूरों को रौंद दिया। इसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। हादसे के बाद लोगों ने भाग रहे पिकअप चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। इसके बाद आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, नैला चौकी क्षेत्र के सरखो गांव में मंगलवार दोपहर बंसीलाल रात्रे (45) और अनिल कंवर (31) सड़क किनारे मजदूरी कर रहे थे। इसी दौरान एक पिकअप तेज



रफ्तार में आई और दोनों मजदूरों को कुचल दिया। इसके बाद भी चालक ने पिकअप नहीं रोकी और सामने लगा हैंडपंप तोड़ते हुए वहां खड़ी दो बाइक को भी अपनी चपेट में ले लिया।

हादसा होते देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, इसी दौरान पिकअप चालक भागने लगा। इस पर लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। इस बीच सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। हादसे मजदूर बंसीलाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अनिल को डायल-112 की गाड़ी ने जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत गंभीर देख उसे बिलासपुर रेफर कर दिया गया है।

## पिकअप ने मारी टक्कर, 3 की मौत



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में हुए सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। ये सभी कहीं से बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई पिकअप गाड़ी ने इन्हें चपेट में ले लिया। इतना ही नहीं पिकअप गाड़ी एक युवक के ऊपर से गुजर गई। इससे उससे शरीर के 2 टुकड़े हो गए। हादसा बांगो थाना क्षेत्र में हुआ है। बंजारी निवासी रामनारायण यादव रविवार शाम को बाजार से सामान खरीदकर वापस घर लौट रहा था। उसी दौरान रास्ते में उसका भांजा प्रमोद कुमार धनुहार और अमृत लाल रजक मिल गए।

छत्तीसगढ़ में असानी का असर

## सामान्य से 5 डिग्री तक कम हो गया अधिकतम तापमान, फिर रायपुर-कुरुद सबसे गर्म

**रायपुर।** बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान असानी का असर छत्तीसगढ़ के मौसम पर दिखने लगा है। ठंडी हवाओं की वजह से प्रदेश के तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज हुई है। प्रदेश के अधिकांश इलाकों में दिन का तापमान सामान्य से 5 डिग्री तक नीचे चला गया है। मंगलवार को रायपुर और कुरुद में सबसे अधिक गर्मी रिकॉर्ड हुई। मौसम विभाग के मुताबिक रायपुर का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस मापा गया। यह सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस कम है। यहां फिलहाल 6 किमी प्रति घंटा की रफ्तार वाली हवाएं चल रही हैं।

शहर के बाहरी हिस्सों का मौसम कुछ और ठंडा रहा है। माना हवाई अड्?डे के पास यह 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। राजनांदगांव में 38.8 डिग्री, दुर्ग में 38.7 डिग्री और पेंड्रा में 38.3 डिग्री दर्ज किया गया। बिलासपुर में अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री है, जो सामान्य से 5 डिग्री तक कम है। उत्तर के शहर अंबिकापुर में सामान्य से 3 डिग्री कम अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस रहा।



**छत्तीसगढ़ में कल बारिश की संभावना**

**कई स्थानों पर बिजली गिरने की भी आशंका**

वहीं दक्षिण छत्तीसगढ़ के शहर जगदलपुर में अधिकतम तापमान केवल 34.3 डिग्री सेल्सियस रहा। यहां भी तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम रहा। दिन के तापमान में गिरावट की वजह से लोगों को काफी राहत महसूस हो रही है। रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया, चक्रवात असानी अभी पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है। अब इसके उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। इसके प्रभाव से 11 मई को प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा होने की संभावना बन रही है। कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की भी संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर वज्रपात भी संभव है। मौसम विभाग के मुताबिक वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से बस्तर संभाग हो सकता है।

**अवलोकन...** गौठान में मशरूम यूनिट का लोकार्पण, अण्डा उत्पादन इकाई और वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन का अवलोकन

## मुख्यमंत्री लोगों से बातों-बातों में ले रहे हैं योजनाओं का फीडबैक

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक अलग अंदाज में लोगों से भेंट-मुलाकात कर रहे हैं। बातचीत की शैली में वे लोगों से सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की फीडबैक भी ले रहे हैं।

प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान आज सरगुजा जिले के लुण्ड्रा विधानसभा के बटवाही गांव की जनता से सीधे



मुखातिब होते हुए मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से पूछा कि आपका कर्जा माफ हुआ है या नहीं, आपको राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ मिला है या नहीं। मुख्यमंत्री का सवाल सुनते ही ग्रामीणों ने एक सुर में कहा कि हमें इन

### मुख्यमंत्री ने उपस्वास्थ्य केंद्र और हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर का किया निरीक्षण



योजनाओं का लाभ मिला है और इसके लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद भी दिया।

मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात में उपस्थित जनसमूह से कहा कि यदि आपने इन योजनाओं में पंजीयन नहीं कराया है तो पंजीयन करा लें। वे न सिर्फ लोगों से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का फीडबैक ले रहे हैं, बल्कि वे लोगों की समस्याओं का निराकरण भी कर रहे हैं। उन्होंने बटवाही में लोगों की मांग पर नेशनल हाइवे में रघुनाथपुर से बुलगा तक पक्की सड़क, ग्राम बटवाही में हाईस्कूल, तपता से खड़गंवा मार्ग में पुलिया निर्माण की घोषणा की।

पहली बार पटवारी से खुश हुए सीएम

## करजी तहसील दुरुस्त मिले रिकॉर्ड, लोगों से भी पूछा, पर नहीं मिली कोई शिकायत, फिर दी शाबाशी

**रायपुर।** एक दिन पहले मुख्यमंत्री बता रहे थे कि दौरे में उनको राजस्व विभाग की सबसे अधिक शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने एक पटवारी को निलंबित भी किया है, लेकिन मंगलवार को लुंड्रा विधानसभा में पहली बार स्थिति बदल गई। एक पटवारी से मिलने के बाद सीएम पहली बार खुश भी दिखे। उन्होंने कहा, पहला गांव है जहां पटवारी के खिलाफ कोई शिकायत नहीं मिली है।

करजी तहसील में पटवारी गयाराम सिंह ने मुख्यमंत्री को राजस्व रिकॉर्ड दिखाए। उन्होंने बताया, अपने हल्के का कोई रिकॉर्ड वे अधूरा नहीं रखते। उनके रिकॉर्ड रजिस्टर और नक्शे आदि को



देखकर चौपाल में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोगों से भी उनके बारे में पूछा। कहा- यहां के पटवारी ठीक से काम कर रहे हैं कि नहीं? पर कहीं से कोई शिकायत नहीं मिलने पर उन्होंने कहा, पहली बार सरगुजा के किसी गांव में पटवारी की शिकायत नहीं मिली है। इसके लिए उन्होंने पटवारी गयाराम सिंह की सराहना भी की।

# पंडित शिवकुमार शर्मा स्मृति शेष: 'शिव' की शरण में चला गया संतूर का जादूगर

भारतीय शास्त्रीय संगीत के आकाश से आज एक ऐसा दुर्लभ नक्षत्र ओझल हो गया जिसकी चमक और गमक ने बीते छह दशकों में न जाने कितनी महफिलों को रौनक बख्शी। जिस तरह उस्ताद बिस्मिल्ला खां शहनाई, पण्डित किशन महाराज तबला, पण्डित रविशंकर सितार पण्डित बिरजू महाराज कथक और पं. हरिप्रसाद चौरसिया बांसुरी के पर्याय बन गए थे वही बात पं. शिवकुमार शर्मा पर लागू होती थी।

ईरान, अफगानिस्तान और फिर कश्मीर के लोकगीतों में बजने वाली षड़तंत्री वीणा को जिस लगन और निष्ठा से शिव जी ने समाकालीन शास्त्रीय संगीत के अनुकूल बनाया और स्थापित किया वह अपने आप में एक अलग अध्याय है लेकिन उसमें उनके पूज्य पिताजी पं. उमादत्त शर्मा की दूरदृष्टि की दाद देनी होगी जिन्होंने कश्मीर की वादियों के लोक वाद्य के जरिये एक बड़ी संभावना अपने पुत्र में निरख ङ्क परख ली। यह अल्पज्ञात तथ्य है कि पं.शिवकुमार शर्मा मूलतः एक तबला वादक थे और उनकी करिश्माई थाप तो संगीतकार सचिनदेव बर्मन के संगीत निर्देशन में फिल्म गाइड के गीतों में भी गूंजी। कालांतर में उन्हें यह इलहाम हुआ कि संतूर ही उनका प्राण है और वही उन्हें सुयश दे देगा। बस यही कौल पं.शर्मा की जिन्दगी का फलसफा और दास्तान बन गया।

### एक साधन की जीवन यात्रा

चालीस- पचास के दशक में जब लाहौर, दिल्ली, मुम्बई, जलंधर, रामपुर, लखनऊ, इलाहाबाद, बनारस, कोलकाता और इन्दौर क्लासिकल मौसीकी की रहनुमाई के बड़े ठिकाने थे तब गायक कलाकार की धजा कुछ ऊंही हुआ करती थी। उस्ताद बड़े गुलाम अली खां, सिद्धेश्वरी देवी, बेगम अख्तर, उस्ताद फैयाज खां, पं.ओंकारनाथ ठाकुर, रसूलन बाई, हीराबाई बडोदेकर, प.विनायकराव पटवर्धन – पं. नारायणराव व्यास, उस्ताद अमीर खां जैसे सितारों का बोलबाला सर्वत्र था।इसके बाद गिरिजा देवी, पं. कुमार गंधर्व, पं. जसराज, पं.भीमसेन जोशी, पं. मल्लिकार्जुन मंसूर, ने भी मैदान पकड़ लिया। राजाश्रय में रहे मैहर के बाबा अलाउद्दीन खां के बाद पूरा परिदृश्य बदलता गया।



*भारतीय शास्त्रीय संगीत के आकाश से आज एक ऐसा दुर्लभ नक्षत्र ओझल हो गया जिसकी चमक और गमक ने बीते छह दशकों में न जाने कितनी महफिलों को रौनक बख्शी। बतौर संगीतकार भी शिव जी ने अपने अनन्य सखा पं. हरिप्रसाद चौरसिया के साथ शिव-हरि के नाम से संगीकार जोड़ी भी बनाई और कुछ बेजोड़ नग़मे संगीतरसिकों के लिए रचे।*

उस्ताद हफीज खां सरोद, उस्ताद विलायत खां और पं. रविशंकर,पं. निखिल बैनर्जी सितार, उस्ताद अली अकबर खां सरोद, पं. पन्नालाल घोष की बांसुरी ने महफिलों में सजकारी का जलवा बिखेरना शुरू कर दिया। गायक वादकों को जो लोकप्रियता मिली वह बाद में पं. हरिप्रसाद चौरसिया और पं. शिवकुमार शर्मा जैसे हुनरमंद कलाकारों के लिए नए अवसर लेकर आई। इसमें कोई शक नहीं कि शिवजी और हरिजी ने अपने साजों से भारतीय शास्त्रीय संगीत के तमाम प्रतिष्ठित मंचों को अपनी कला से असीम ऊंचाइयां दी।

शास्त्रीय संगीत के जमावड़े भी मौसम, आयोजक और जयंतियों और स्मृति प्रसंगों के मोहताज होते थे ऐसे में जिन्दगी की गाड़ी को चलाना भी जरूरी था।

मुम्बई आकर शिवजी ने पचास से साठ के दशक तक लोकल ट्रेन में इस स्टुडियो से उस स्टुडियो तक की खाक छानी। उस कालखण्ड को याद करते हुए शिवजी ने मुझे बताया था कि सुबह आठ बजे से रेकॉर्डिंग्स के सिलसिले शुरू होते जो देर रात तक जारी रहते। बतौर संगीतकार भी शिव जी ने अपने अनन्य सखा पं. हरिप्रसाद चौरसिया के साथ शिव-हरि के नाम से संगीकार जोड़ी भी बनाई नौशाद, सचिन देव बर्मन, वसंत देसाई, ओ.पी.नैयर की फिल्मों में तो शिवजी के संतूर की जो छटा बिखरी है उसके तो कहने ही क्या। फिल्म मेरे मेहबूब के शीर्षक गीत मेरे मेहबूब तुझे मेरी मुहब्बत की कसम में तो बस संतूर ही संतूर है। भव्य आर्केस्ट्रा से अपने संगीत को सजाने वाले नौशाद साहब की इस नज्म में शकील बदायूंनी की शायरी, मोहम्मद रफी के स्वर के बाद सिर्फ और सिर्फ शिव जी के संतूर का पारस स्पर्श मौजूद था।

बतौर संगीतकार भी शिव जी ने अपने अनन्य सखा पं. हरिप्रसाद चौरसिया के साथ शिव-हरि के नाम से संगीकार जोड़ी भी बनाई और कुछ बेजोड़ नग़मे संगीतरसिकों के लिए रचे। इसमें सिलसिला उनकी कालजयी फिल्म कही जा सकेगी। इसमें कोई शक नहीं कि फिल्म संगीत का रंग और ढंग जिस तरह से बदला उसमें शिव-हरि जैसे मेलोड़ी के साधकों के लिए जगह नहीं बन सकती थी सो उन्होंने हमेशा शास्त्रीय संगीत के मंचों को ही अपनी प्राथमिकता में शामिल रखा। सत्तर के दशक में आया कॉल ऑफ द वैली नाम का कैसेट म्युजिक इण्डस्ट्री का सबसे बड़ा सैंसेशन बना था। ब्रजभूषण काबरा का गिटार और पं. हरिप्रसाद चौरसिया की बांसुरी तो उसमें थी ही लेकिन पं. शिवकुमार शर्मा के संतूर की टंकार तो एक दैवीय आलोक रच देती थी। उस कैसेट के फ्लैप पर बनी कश्मीर घाटी की तस्वीर शिवजी के संतूर के जरिए एक करिश्माई ठंडक श्रोताओं की आत्मा में उतार गई थी। इस एलबम ने बिक्री के सारे कीर्तिमान ध्वस्त कर दिए थे। पं. शर्मा के महान कलावंत होने के साथ यह भी समझने योग्य तथ्य है कि उनके संतूर टोनल क्वालिटी में ऐसा कुछ विलक्षण जरूर था जो दीगर संतूर वादकों से सुनाई नहीं देता। इसमें पण्डितजी की लगन अपने साज़ पर सुदीर्घ रिसर्च को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता।

संजय पटेल

## संपादकीय

### गांगुली से अब भी भाजपा को उम्मीद?

भारतीय जनता पार्टी ने सौरव गांगुली से अब भी उम्मीद नहीं छोड़ी है। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली पश्चिम बंगाल के सबसे बड़े जीवित आईकॉन हैं। बंगाल के लोग उनको अपने महान पूर्वजों की श्रेणी में रखते हैं। तभी भाजपा पिछले कई साल से इस प्रयास में है कि वे पार्टी में शामिल हों और भाजपा का चेहरा बनें। भाजपा का यह प्रयास उस समय से चल रहा है, नरेंद्र मोदी नए नए प्रधानमंत्री बने थे और वरुण गांधी पश्चिम बंगाल में पार्टी के प्रभारी थी। बताया जाता है कि तब यानी 2016 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा सफलता के काफी करीब पहुंच गई थी। बहरहाल, उस चुनाव में भाजपा के बुरी तरह से हारने और तीन सीटों पर सिमट जाने के बाद उसका प्रयास बंद हो गया था। फिर 2019 के लोकसभा चुनाव के समय प्रयास शुरू हुआ, जो अब भी चल रहा है। इसी प्रयास के तहत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिन के बंगाल दौरे पर गए तो दादा यानी सौरव गांगुली से मिलने गए। वे गांगुली के घर गए और उनके परिवार के साथ भोजन किया। दोनों में लंबी बातचीच भी हुई। बाद में कहा गया कि यह शिष्टाचार मुलाकात थी क्योंकि अमित शाह के बेटे जय शाह बीसीसीआई के सचिव हैं और इस नाते गांगुली के सहयोगी हैं। लेकिन असल में ऐसा नहीं है। असल में यह अगले लोकसभा चुनाव से पहले की भाजपा की तैयारियों का हिस्सा है। भाजपा को पता है कि इस बार ममता बनर्जी जिस अंदाज में चुनाव जीती हैं और अगले लोकसभा चुनाव की वे जैसी तैयारी कर रही हैं उसमें भाजपा के लिए अपनी जीती हुई 18 सीटें बचानी मुश्किल होगी।

# भारतीय अर्थव्यवस्था: व्यापार घाटा बढ़ा सकता है मुश्किलें

हाल ही में प्रकाशित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की रिपोर्ट में यूक्रेन संकट के कारण चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में दुनिया में व्यापार घाटा बढ़ने के मद्देनजर वैश्विक व्यापार वृद्धि पूर्व निर्धारित 4.7 फीसदी से घटकर तीन फीसदी रहने की बात कही गई है। ऐसे में भारत में भी व्यापार घाटा तेजी से बढ़ने की आशंका है, लेकिन उसके पास निर्यात बढ़ाकर और आयात घटा कर व्यापार घाटे को नियंत्रित करने का एक अवसर भी है।

रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण जैसे-जैसे कच्चे तेल, खाद्य तेल और उर्वरकों के वैश्विक दामों में इजाफा हो रहा है, वैसे-वैसे भारत का विदेश व्यापार घाटा भी तेजी से बढ़ रहा है। कच्चा तेल और खाद्य तेल भारत की सबसे प्रमुख आयात मदें हैं। जहां भारत कच्चे तेल की अपनी कुल जरूरतों का करीब 85 फीसदी हिस्सा आयात करता है, वहीं वह खाद्य तेल की कुल जरूरतों का करीब 65 फीसदी आयात करता है। ऐसे में इन दोनों सबसे बड़ी आयात मदों और चीन से बढ़ते आयातों ने भारत के व्यापार घाटे को चुनौतीपूर्ण बना दिया है। दो मई को वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी विदेश व्यापार के आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 के पहले माह अप्रैल में जहां देश का आयात 26.6 फीसदी बढ़कर 58.3 अरब डॉलर रहा, वहीं निर्यात 24.2 फीसदी बढ़कर 38.2 अरब डॉलर रहा। परिणामस्वरूप चालू वित्तीय वर्ष के पहले माह में ही व्यापार घाटा 20.1 अरब डॉलर की चिंताजनक ऊंचाई पर पहुंच गया। गौरतलब है कि सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान देश का व्यापार घाटा बढ़कर 192 अरब डॉलर रहा है। बढ़े हुए व्यापार घाटे के कारण देश में आर्थिक-वित्तीय मुश्किलें बढ़ गई हैं।



उल्लेखनीय है कि देश से वर्ष 2021-22 में कृषि उत्पादों और मसालों के अधिकतम निर्यात का सुकूनदेह परिदृश्य भी उभरकर दिखाई दिया है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक, कोविड-19 की आपदाओं के बीच जहां भारत ने वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाई है, वहीं उसने फरवरी, 2022 के बाद रूस और यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया भर में कृषि उत्पादों की निर्यात मांग को पूरा करने के अवसर का लाभ उठाते हुए वर्ष 2021-22 में 50 अरब डॉलर मूल्य के रिकॉर्ड कृषि निर्यात किए हैं। निस्संदेह देश से बढ़ते व्यापार घाटे को कम करने के लिए एक ओर हमें आयात घटाने होंगे तथा दूसरी ओर निर्यात बढ़ाने होंगे। व्यापार घाटे में कमी लाने के लिए चीन से व्यापार घाटा कम करना होगा। इस समय आजादी के 75वें साल में जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तब एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता और चीनी सामान के आयात को नियंत्रित करने के लिए शुरू किया गया अभियान और अधिक उत्साहजनक रूप से आगे बढ़ाए जाने की जरूरत दिखाई दे रही है। स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन के साथ आत्मनिर्भर भारत अभियान में तेजी लाकर व्यापार घाटे में कमी की जी सकती है। चूंकि कच्चे तेल के आयात से व्यापार घाटा बढ़ रहा है, इसलिए अब कच्चे तेल के देश में अधिक उत्पादन और इसके विकल्पों पर भी शीघ्रतापूर्वक ध्यान देना होगा। देश के पास जो विशाल तेल भंडार है, उससे वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की वर्तमान कीमतों की तुलना में चार-पांच गुना कम लागत पर कच्चे तेल का दोहन किया जा सकता है। इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से उपयोग करने की रणनीति पर भी आगे बढ़ा जा सकता है। खाद्य तेल भी देश के आयात बिल की प्रमुख मद है, इसलिए इसके उत्पादन के लिए भी रणनीतिक रूप से आगे बढ़ना होगा। खासतौर से तिलहन के उत्पादन को बढ़ाकर खाद्य तेलों के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो राष्ट्रीय खाद्य तेलङ्कपाम ऑयल मिशन (एनएमईओ-ओपी) लागू किया गया है, उसके तहत पाम ऑयल का रकबा और पैदावार बढ़ाने के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रयास करने होंगे।

देव कश्यप

## मिला जुला

# अपात्र परिवारों ने गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले राशन कार्ड का लाभ ले रहें

### शासन के मंशा के विपरित और जमकर सरकारी योजना का दुरुपयोग कर रहे

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।

**जिले के पिथौरा विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सावित्रीपुर में गरीबों रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले राशन कार्डधारी भुषण पटेल, गणेश राम पटेल, प्रदीप बारीक और मलिनदास मानिकपुरी दर असल गरीबी रेखा से उपर के लोग होने के बाद भी खुद को गरीबी सीमा रेखा के अंतर्गत बताकर ग्रामीणों का हक हथिया रहे है।**

ग्रामीणों के बताये अनुसार ये सभी लोग सम्पन्न परिवार से है। बता दें किए भूषण पटेल के नाम से भूमिहीन कृषि मजदूर परिवार के तहत शासन द्वारा नीला राशन कार्ड जारी हुआ है तथा उक्त राशन कार्ड से योजना का भरपूर लाभ उसे मिल रहा है। भूषण पटेल का स्वयं का फर्म संचालित है उक्त फर्म के द्वारा ग्राम पंचायत सावित्रीपुर में शासन द्वारा कराये गये निर्माण कार्यों में वर्ष 2015 से 2017 तक के अवधि में 60 लाख रुपये का सीमेंट.रेती, ईट,दरवाजा,सीट,नल एवं अन्य सामाग्री सप्लाई किया गया है। इस तरह भूषण पटेल का परिवार पूर्णतः सम्पन्न परिवार है। शासन द्वारा जारी राशन कार्ड के अनुसार सावित्रीपुर का ही गणेश राम पटेल भी एक भूमिहीन कृषि मजदूर है। इसके द्वारा भी पंचायत के अनेक कार्यों में लाखों रूपये की सामाग्री आपूर्ति की गई थी। साथ ही स्वयं के नाम पर तथा उसकी पत्नि व उसके नाबालिक पुत्र के नाम से 15 एकड़ कृषि भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। उसके घर में मोटर कार, ट्रैक्टर सहित और भी अनेक प्रकार के आधुनिक कृषि संसाधन भी है। साथ ही गणेश राम पटेल के द्वारा लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से वर्तमान में मकान का निर्माण किया जा रहा है। इस प्रकार तरह गणेश राम पटेल का परिवार उक्त योजना में पूर्णतः अपात्र होते हुये भी जानबुझकर गणेश राम पटेल के द्वारा खाद्यान्न योजना का लाभ लेकर गरीबों का राशन छिना जा रहा है। प्रदीप बारीक भी एक समपन्न कृषक के साथण्साथ व्यापारी भी है इसके द्वारा भी ग्राम पंचायत सावित्रीपुर में शासन द्वारा कराये गये निर्माण कार्यों में वर्ष 2016.17 में 37 लाख 24 हजार 300 रुपये का सीमेंट, रेती, ईट दरबाजा, सौट नल एवं अन्य सामाग्री सप्लाई किया गया है। इसी तरह प्रदीप बारीक का परिवार पुर्णत समपन्न परिवार है। इसी तरह पदीप बारीक शासन को गुमरह कर उक्त योजना का लाभ ले रहा है। मलिनदास मानिकपुरी का ग्राम सावित्रीपुर में साहेब ट्रेडर्स के नाम से पंजीकृत फर्म संचालित है उक्त फर्म के द्वारा शासकीय कार्यों में सामाग्री सप्लाई करके आमदनी अर्जित किया जा रहा है मलिनदास मानिकपुरी के द्वारा इस तथ्य को शासन से छुपा कर गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले राशन कार्ड का लाभ लिया जा रहा है।

ग्राम सावित्रीपुर का एक परिवार ऐसा भी है जो गुलाबी राशन कार्डधारी यअंत्योदय है उक्त परिवार के पुरुष मुखिया के द्वारा स्वयं के ट्रैक्टर में ग्राम पंचायत सावित्रीपुर को शासन के विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों में सामाग्री सप्लाई किया जा कर कई लाख रुपये प्राप्त किया है। आपको बता दें उक्त कार्डधारी अति गरीबी के श्रेणी में आते है इसलिए गुलाबी कार्डधारीयों को शासन द्वारा प्रत्येक माह नि शुल्क राशन प्रदान किया जाता है। ग्राम पंचायत सावित्रीपुर में शासन द्वारा सत्यापन किये जाने पर इसी तरह के और कई अपात्र राशन कार्डधारी मिल सकते हैं। शासन का कहना है अगर अपात्र राशन कार्ड सरेंडर नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ ही विभागीय कार्यवाही में राशन कार्ड निरस्त करते हुए उस समय तक लिये गये राशन की वसुली किये जाने का प्रावधान है।

### राशन के लिए यह होंगे अपात्र

जिन परिवारों के पास मोटर कार, ट्रैक्टर, एसी, हार्वेस्टर पांच केवी या अधिक क्षमता का जनरेटर 1000 वर्ग फि ट का निर्मित मकान पांच एकड़ से अधिक जमीन एक से अधिक शस्त्र लाइसेंस आयकरदाता ग्रामीण क्षेत्र में परिवार की आग दो लाख प्रतिवर्ष व नगरीय क्षेत्र में तीन लाख रुपए प्रतिवर्ष वाले परिवार योजना के लिए अपात्र है।

### अपात्र से वसूली जायेगी राशन की राशि

ग्राम पंचायत में पात्र अपात्र राशन कार्डधारियों का सत्यापन जनपद पंचायत के माध्यम से पंचायत सचिव के द्वारा करने का आदेश है। अगर अपात्र राशन कार्डधारी पाये जाते है तो निश्चित तौर पर उनके विरुद्ध कार्यवाही कर राशन कार्ड निरस्त करते हुए उस समय तक, लिये गये राशन की वर्तमान किमत लगभग 40 प्रति किलो के हिसाब से वसूली की जायेगी। आज कल राशन कार्ड संबंधित सारे कार्य ग्राम पंचायत एवं जनपद कार्यालय में किया जा रहा है कमल नारायण साहू खाद्य निरिक्षक पिथौरा

ग्राम पंचायत में पात्रण्अपात्र राशन कार्डधारियों का सत्यापन के संबंध में वर्तमान में किसी प्रकार की लिखित आदेश प्राप्त नहीं हुआ है आदेश प्राप्त होते ही पात्र अपात्र राशन कार्डधारियों का सत्यापन किया जायेगा सरजू सिंह सचिव ग्राम पंचायत सावित्रीपुर।

## एक नजर

### नहीं रहे संतूर सम्राट पं. शिवकुमार शर्मा, 6 महीनों से किडनी की समस्या से थे पीड़ित



**दिल्ली।** दशकों से देश में संतूर सम्राट पद्म विभूषण संतूर वादक पंडित शिवकुमार शर्मा का मंगलवार को निधन हो गया। दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु का कारण बताया जा रहा है। छह महीनों से किडनी की समस्या से पीड़ित थे। उनका जन्म जम्मू में गायक पंडित उमा दत्त शर्मा के घर हुआ था. इनके पिता ने इन्हें तबला और गायन की शिक्षा तब से आरंभ कर दी थी, जब ये मात्र पांच वर्ष के थे इनके पिता ने संतूर वाद्य पर अत्यधिक शोध किया और यह दृढ़ निश्चय किया कि शिवकुमार प्रथम भारतीय बनें जो भारतीय शास्त्रीय संगीत को संतूर पर बजायें. तब इन्होंने 13 वर्ष की आयु से ही संतूर बजाना आरंभ किया और आगे चलकर इनके पिता का स्वप्न पूरा हुआ. इन्होंने अपना पहला कार्यक्रम बंबई में 1955 में किया था.शिवकुमार शर्मा का जन्म 13 जनवरी 1938 को जम्मू में हुआ था.

### फिर बिगड़ा वासेपुर का माहौल, फहीम की बेटी की शादी से पहले बहा खून, दो हिरासत में

**धनबाद.** गैंग्स ऑफ वासेपुर फिल्म से रातों-रात सुर्खियों में आए धनबाद के वासेपुर क्षेत्र का माहौल इन दिनों एक बार फिर बिगड़ा हुआ है। प्रिंस खान की लगातार धमकियों के बीच शनिवार की रात यहां एक युवक को गोली मार दी गई।

### चक्रवात असानी ने पकड़ी रफ्तार, इन राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली ।** चक्रवाती तूफान असानी आज पश्चिम बंगाल और ओडिशा के तटवर्तीय क्षेत्रों में अपना असर दिखाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल और ओडिशा के समुद्री इलाकों में 90 से 125 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चल सकती हैं। इस दौरान कई जगहों पर बारिश भी होगी। तूफान का असर बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ में भी रहेगा। 11 से 13 मई तक यहां बारिश होगी, साथ ही तेज हवाएं भी चलेंगी। इस बीच खराब मौसम की वजह से मंगलवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम एयरपोर्ट से उड़ान भरने और लैंड करने वाली 23 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी है।

# जिले के गौठान से महिलाओं को मिल रहा रोजगार

### मशरूम उत्पादन से दुर्गा स्व.सहायता समूह की महिलाएं बन रही आर्थिक रूप से सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी के संचालन से जिले के विभिन्न क्षेत्रों के महिलाएं स्वावलंबन की ओर अग्रसर हो रही है। जिले में महिलाएं स्व.सहायता समूह से जुड़ कर गोठानों में संचालित योजनाओं का लाभ उठा रही है जिससे उनका परिवार आर्थिक रूप से सम्बल बन रहा है। जिला प्रशासन द्वारा भी उन्हें हर सुविधा मुहैया कराई जा रही है जिसमें उन्हें प्रशिक्षण से लेकर आवश्यक सभी संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे है। इसी कड़ी में जशपुर विकासखण्ड के पुत्रीचौरा गोठान से जुड़ी महिलाओं को आजिविका उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन द्वारा मशरूम उत्पादन कराने हेतु प्रशिक्षण प्रदान कराया गया है। मशरूम उत्पादन हेतु दुर्गा स्व.सहायता समूह में कुल 10 महिलाएं जुड़ी है। उन्हें उनके अपेक्षा से अधिक लाभ मिल रहा है। जिससे महिलाएं गोठान से जुड़कर काफ ी खुश है। दुर्गा स्व.सहायता समूह की अध्यक्ष सुमन्ती बाई ने बताया कि वर्ष सितम्बर 2021 में उनके द्वारा मशरूम उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया गया। जिससे उन्हें प्रथम उत्पादन में ही अच्छा मुनाफा हुआ। जिससे समूह की महिलाएं उत्साह के साथ और अधिक मेहनत करने लगी है।




**बाजार में मशरूम के मांग एवं अच्छी कीमत मिलने से समूह उत्साह के साथ कर रही कार्य**

**प्रथम उत्पादन में ही 26 हजार रुपए आमदनी हुई अर्जित**



### पंचायत चुनाव पर SC का बड़ा फैसला

## बिना OBC आरक्षण के होंगे चुनाव, जानिए कितने दिन के अंदर कराना होगा इलेक्शन ?



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में बहुचर्चित पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में 15 दिन के भीतर बिना अरक्षण पंचायत चुनाव और नगर पालिका के चुनाव की अधिसूचना जारी करने सरकार को निर्देश दिए हैं। गर्मी के मौसम में इन चीजों का रखे ध्यान, नहीं तो आप भी आ सकते है पीलिया की चपेट में अब इस पर सियासत शुरू हो गई है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सीएम शिवराज ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद रिव्यू पिटीशन मध्यप्रदेश सरकार लगाएगी। सुप्रीम कोर्ट का फैसला क्या आया है, अभी हम उसका अध्ययन कर रहे हैं। पंचायत, निकाय चुनाव ओबीसी आरक्षण के साथ हों, इसको लेकर रिव्यू पिटीशन लगाई जाएगी।

# शिविर लगाकर पेंशन,राशन कार्ड, पानी, बिजली संबंधी समस्याओं का निराकरण करें-कलेक्टर

## आरबीसी 6.4 के तहत् पात्र हितग्राहियों को भुगतान शीघ्र करें, स्कूल बच्चों के जाति प्रमाण.पत्र बनाने में प्रगति लाए

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर टीएल के लंबित प्रकरण, मनरेगा, सी मार्ट, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, पात्र हितग्राहियों का पेंशन और गौठानों में मल्टीएक्टीविटी के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने अपने ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर ग्रामीणों के समस्या से रूबरू होने के साथ ही उनकी समाधान करना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ और समाज कल्याण अधिकारी को ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर लोगों की पेंशन संबंधित समस्याओं को निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को पेंशन, राशन कार्ड, पानी, बिजली सहित मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें और गंभीरता से उनकी बातों को सुनकर समाधान करें। जनपद सीईओं को ग्राम पंचायतों में राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड के लिए आ रहे आवेदनों का पात्रता के आधार पर बनाना सुनिश्चित करें। राजस्व अधिकारियों को आरबीसी 6.4 के तहत् लंबित प्रकरणों का निराकरण करते हुए हितग्राहियों को सहायता राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। विद्युत विभाग के अधिकारियों को शिविर लगाकर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बिल की समस्या, अनावश्यक बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या का समाधान करने और आवश्यकता वाले स्थानों में ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी विभाग प्रमुखों को अपने-अपने कार्यालय की साफ-सफ इई, फ ईलों की उचित संधारण करके व्यवस्थित करने के निर्देश दिए हैं। क्रेड़ा अधिकारी को जिन स्थानों पर सौलर पंप खराब हैं वहॉ के सोलर पंप को सुधारने के निर्देश दिए हैं साथ चिन्हांकित गौठानों में सोलर पंप नही लगा है तो वहॉ शीघ्रता से लगाने के लिए कहा गया है। नगरीय निकाय और जनपद सीईओ को गौठानों में किए जा रहे गतिविधियों और वर्मी कम्पोस्ट खाद, सुपर कम्पोस्ट खाद बनाने की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सोसायटी के माध्यम से खाद का विक्रय करवाने के निर्देश दिए हैं। आगामी माह में खेती बाड़ी की संभावना को देखते हुए किसानों से वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट खाद का अग्रिम उठाव करने की अपील की है। साथ ही नगरीय निकाय के अधिकारियों को गर्मी के मौसम को देखते हुए पानी की समस्या वाले जगहों पर पानी की सुविधा उपलब्ध करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को स्कूली बच्चों का लंबित जाति प्रमाण-पत्र बनाने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि जहां दस्तावेजों की आवश्यकता हो रही है वहॉ पालकों, पटवारी, शिक्षकों से समन्वय करके शत प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी को युवा मितान क्लब के तहत् खाता खुलवाने में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन करेंए ताकि आम जनता को इसका सीधा लाभ उठा सके।



### सोसायटी के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट खाद का उठाव करवानें के दिए निर्देश

कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लोक सेवा गारंटी के तहत दी जाने वाली सेवाएं, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र राजस्व प्रकरणों का निराकरण, नवीन राशन कार्ड, पेंशन भुगतान सहित अन्य लंबित प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर करें। साथ ही राजस्व से संबंधित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आरबीसी 6.4 के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करने कहा है। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत केएस मण्डावी, अपर कलेक्टर,आईएल ठाकुर, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### कन्या महाविद्यालय के छात्रों को किया गया छ.ग.शासन की योजनाओं से संबंधित जनमन पत्रिका का वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जशपुर के राजा विजय भूषण देव कन्या महाविद्यालय के छात्रों को जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं से संबंधित पत्रिका जनमन, सहित अन्य प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। कन्या महाविद्यालय की छात्रा कु. पिंकी बखला, कु. हिना केरकेट्टा एवं कु मनीषा बेक ने कहा कि पत्रिका का अध्ययन सभी छात्रों के लिए लाभप्रद है। पत्रिका में ग्रामीणों, किसानों, सहित बेरोजगारों को स्वावलंबी बनाने के लिए शासन द्वारा संचालित अनेक योजनाएं की जानकारी शामिल है। छात्रों ने कहा कि पत्रिकाओं के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवश्यक समसामयिक घटनाओं एवं सामान्य ज्ञान की जानकारी भी मिलती है।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के आयोजन हेतु बैठक 11 मई को

**कोरबा** । ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के लिए कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक रखी गई है। कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में यह बैठक सुबह 11:00 बजे आयोजित की जाएगी। इस बैठक में विभिन्न खेल संघ, शिक्षा विभाग के व्यायाम अनुदेशक, वरिष्ठ खिलाड़ी, खेल से जुड़े व्यक्ति तथा क्रियाशील संस्थाएं भाग लेंगी।

खेल प्रशिक्षण शिविर जिला मुख्यालयों के अतिरिक्त विकासखंड मुख्यालयों में भी आयोजित किए जाएंगे। शिविर के लिए खेलों का चयन जिला स्तर पर उपलब्ध प्रशिक्षकों और खेल मैदान की उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा गौरतलब है कि गर्मियों को देखते हुए 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राज्य के सभी जिलों में किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर का मूल उद्देश्य नौनिहालों के मन में खेल भावना जगा कर उन्हें खेल की दिशा में आगे बढ़ाना है। इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से बच्चों को खेल की बारीकियां भी समझाई जाएंगी, ताकि वे खेल प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर सकें।

### कनहर नदी के सूखने के बाद इलाके में गहराया जल संकट

**रामानुजगंज** । कन्हर नदी के पूर्णतः सूखने के बाद लगातार नगर में जल संकट गहराता जा रहा है लोगो के सामने पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही हैं नगर पंचायत का पूरा अमला नगर मे नियमित जलापूर्ति हो सके इसके लिए लगातार प्रयास कर रहा है परंतु नगर पंचायत भी धीरे-धीरे अब विफल होते दिख रहा है क्योंकि नगर पंचायत के द्वारा कन्हर नदी में बनाया गया डबरी भी दम तोड़ दे रहा है। नगर पंचायत पानी आपूर्ति के लिए अब किसी वैकल्पिक व्यवस्था की तलाश कर रहा है।

गौरतलब है कि अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में ही कन्हर नदी के पूर्णतः सूख जाने के बाद नगर में धीरे-धीरे जल संकट गहराता जा रहा है। दोनों टाइम नगर में जलापूर्ति करने में नगर पंचायत भी अब असमर्थ नजर आ रहा है नगर पंचायत के द्वारा जिस जिस वार्ड में पाइपलाइन से पेयजल आपूर्ति सम्भव नही हो पा रहा है वहां अब टैंकर सहारा बन रहा है। नगर में दिनों दिन पानी की समस्या गहराते जा रही है कनहर नदी पूर्णतः सूख गया है तो दूसरी ओर हैंडपंप व कुँवा भी अब धीरे-धीरे जबाब देते जा रहे हैं। नगर की बड़ी आबादी नगर पंचायत के द्वारा प्रदान किए जाने वाले जलापर्ति पर ही निर्भर है ऐसे में अब मुश्किलें बढ़ रही हैं। डबरी में भी नहीं इकट्ठा हो रहा पानी नगर पंचायत के द्वारा कन्हर नदी सूख जाने के बाद नदी में डबरी खोदा गया था परंतु डबरी भी तुरंत सुख जा रहा है नगर पंचायत को बार-बार जेसीबी के माध्यम से गड्ढा करवाना पड़ रहा है। मानसून आने का हो रहा है इंतजार नगर में अभी जिस प्रकार के हालात हैं लोग मानसून आने का एक-एक दिन का इंतजार कर रहे हैं हालांकि अभी मानसून आने में 35 से 40 दिन का इंतजार करना पड़ेगा ऐसे में एक-एक दिन पेयजल संकट से गुजारना मुश्किल हो रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष सहित पूरा अमला लगा हैं हैंडपंप सुधार करवाने में* नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल मुख्य नगरपालिका अधिकारी दीपक एक्का इंजीनियर विनोद यादव सहित नगर पंचायत का पूरा अमला नगर पंचायत के 15 वार्डो का लगातार भ्रमण कर हैंड पंप की स्थिति का जायजा ले रही है जो भी हैंडपंप खराब है या पाइपलाइन में दिक्कतें होने पर तत्काल उसे सुधार करवाया जा रहा है।

# जनता से भेंट मुलाकात कर विधायक देवेंद्र यादव ने समस्याओं का किया समाधान

## अंतिम व्यक्ति तक को दिलाना है शासन की योजनाओं का लाभ-देवेंद्र यादव

**भिलाई** । भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने आज अपने विधायक कार्यालय खुर्सीपार श्रीराम चौक में क्षेत्र की जनता से भेंट मुलाकात किए। यहाँ विधायक श्री यादव के साथ सभापति नगर निगम भिलाई गिरवर बंटी साहू भी उपस्थित रहे। जहां सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरूष पहुंचे। लोगों ने विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकार कर बारी बारी से अपनी समस्याएं बताई। समस्या लेकर आने वाले लोगों में अधिकांश लोग स्वास्थ्य से सम्बंधित समस्या, आर्थिक सहायता, पेंशन योजना, पीएम आवास योजना जैसे शासन के महत्व पूर्ण जन हितैसी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन लेकर पहुंचे। इसके अलावा कई लोग राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, नाली निर्माण की मांग सहित मूलभूत सुविधाओं की मांग लेकर भी पहुंचे। साथ ही यहां भिलाई के होनहार युवा खिलाड़ी जो प्रदेश स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में भाग लेने भिलाई का नेतृत्व करने के लिए जाने वाले है ।ये सभी खिलाड़ी भी विधायक देवेन्द्र यादव से मिलने पहुंचे। जहां विधायक श्री यादव ने सभी खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाया और सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। विधायक श्री यादव ने कहा कि आप सभी पर हम सब भिलाई वासियों को पूरा भरोसा है। आप सभी जीत कर आएंगे और भिलाई का नाम रौशन करेंगे। साथ ही विधायक श्री खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खिलाड़ियों को आर्थिक मदद दी। खिलाड़ियों के पास खेल प्रतियोगिता में जाने के लिए आर्थिक समस्या जिसे तत्काल हल किया गया।

# पाइपलाइन विस्तार और टंकी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : कलेक्टर

## जलजीवन मिशन की बैठक लेकर कलेक्टर ने की जलप्रदाय योजनाओं की समीक्षा

**धमतरी** । जलजीवन मिशन के तहत गठित जिला जल एवं स्वच्छता समिति की 43वीं बैठक आज सुबह कलेक्टर श्री पी.एस. एल्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने विभिन्न जलप्रदाय योजनाओं की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने रेट्रोफिटिंग जलप्रदाय योजना के तहत पाइपलाइन विस्तार एवं पानी टंकी शिफ्टिंग के कार्यों को गुणवत्तापूर्वक करने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि इन कार्यों की गुणवत्ता से समझौता कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

आज सुबह 10 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि कई जगहों पर बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद भी ठेकेदारों ने अभी तक काम शुरू नहीं किया है, ऐसे में कार्य-प्रगति परिलक्षित नहीं हो रही है। उन्होंने सभी जगहों पर एक साथ कार्य प्रारम्भ कराने के लिए कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया। साथ ही प्रत्येक कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराने पर जोर दिया। बैठक में कार्यपालन अभियंता ने बताया कि रेट्रोफिटिंग जलप्रदाय योजना के तहत 262 में से सभी की तकनीकी व प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के उपरांत कार्यादेश जारी किया जा चुका है और 244 योजनाएं प्रगति पर है। इसी तरह सिंगल विलेज जलप्रदाय योजना की साप्ताहिक प्रगति की जानकारी देते हुए बताया गया कि 361 के लक्ष्य के विरूद्ध 349 की तकनीकी व 330 की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है जिनमें से 190 के लिए कार्यादेश जारी किया गया है तथा 118 योजनाएं प्रगति पर हैं। सोलर आधारित पेयजल योजना के बारे में बताया कि 80 तैयार योजनाओं में से 14 पूर्ण हो चुकी है तथा शेष प्रगति पर हैं ।

# मोतियाबिंद से मिलेगा मुक्ति ब्लॉक स्तर पर आरएचओ को दिया गया प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



जिले के विकासखण्ड रामानुजनगर में मोतियाबिंद और अन्य नेत्र से पीड़ितों को राहत देने के लिए सीएमएचओ डॉ. आर एस सिंह के निर्देशन पर मोतियाबिंद मुक्त जिला कार्यक्रम के तहत आदिवासी की बहुलता वाले इस ब्लॉक में अभियान चलाया जा रहा है। जहां स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं सुपरवाईजरो को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामानुजनगर में मुकेश राजवाड़े सहायक नोडल अधिकारी, अंधत्व प्रदीप कुजूर व मारूतीनंदन चक्रधारी नेत्र सहायक अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा सर्वेक्षण कार्य कर सूची तैयार की जाएगी। तत्पश्चात चिन्हित नेत्र रोगियों का नेत्र सहायक अधिकारियों के द्वारा जांच कर उनका प्राथमिक उपचार किया जाएगा। इस अभियान में महिला व पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा डोर टू डोर नेत्र सर्वेक्षण कार्य किया जाएगा। अंधत्व निवारण कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकार मुकेश राजवाड़े ने बताया कि इस कार्यक्रम में सर्वे के बाद चयनित मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा साथ ही मरीजो को घर पहुंचाने हेतु परिवहन की व्यवस्था की भी जाएगी। गंभीर मरीज को मेडिकल कॉलेज रेफर कर उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मोतियाबिंद की बीमारी को दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग हर साल अंधत्व निवारण कार्यक्रम के जरिए इस बीमारी को दूर करने की कोशिश कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक जिला चिकित्सालय में कई मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण कर उन्हें रौशनी दी जा रही है वहीं प्रतिदिन ऑपरेशन किए जा रहे है।

### 15 नेत्र सहायक अधिकारी जुटेंगे कार्यक्रम में

सहायक नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश राजवाड़े ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफ ल बनाने के लिए 15 नेत्र सहायक अधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। सर्वेक्षण कार्य के बाद नेत्र सहायक अधिकारी अपनी टीम के साथ गांवों में जाकर सर्वेक्षित मरीज का सत्यापन करेंगे। इस दौरान बीईईए आरएमए, सुपरवाइजर, मितानिन एवं महिला व पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता उनका सहयोग करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान बीएमओ डॉ डीके विश्वकर्मा, बीपीएम कंचन जयसवाल, नेत्र सहायक अधिकारी मुकेश राजवाड़े, मारूतीनंदन, एसपी मिश्रा, प्रदीप कुजूर नरेंद्र ठाकुर वीसी पटेल, पुरषोत्तम राजवाड़े, अनिल सिंह, क्लोरा तिर्की, सुपरवाइजर, उषा मस्ताना एलएएचवी, बीईई राबर्ट लकड़ा एवं समस्त ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक उपस्थित रहे।

# डॉ. सम्पत ने दिव्यांग को दी ट्राई साईकिल, अनाथ बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन

## सम्पत के दीर्घायु के लिए अनेक ग्रामों में हुई हवन-पूजन

जोहार छत्तीसगढ़-बसना।

नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष डॉ. सम्पत अग्रवाल ने अपना जन्मदिन बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। सर्वप्रथम अग्रवाल नें अपने पिता से का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और केक काटकर जन्मदिवस मनाया। वहीं नगर के मां समलेश्वरी मंदिर, शिव मंदिर व हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना किया गया। साल्हेतराई स्थित गौशाला पहुंचकर गौमाता की पुजा अर्चना कर तिलक व पुष्पहार पहनाकर गौमाता को फल खिलाया। जगदीशपुर के बाल आश्रम पहुंचकर अनाथ बच्चों के साथ बर्थडे केक काटकर कॉपी, पेन व फ ल वितरण कर जन्मदिन मनाया। नगर के अवर लेडी ऑफ प्रोविडेंस हॉस्पिटल में पूरे स्टाफ के साथ केक काटकर मरीजों को मिठाई व फ ल वितरण कर उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। दिन-भर हजारों समर्थकों व शुभचिंतकों का सोशल मीडिया, दूरभाष व सौजन्य भेट कर बधाई दी देर शाम विशेष आकर्षक नाइट प्रोग्राम के रूप में छत्तीसगढ़ के चर्चित मशहूर कलाकार प्रकाश अवस्थी का कार्यक्रम आयोजित किया गया।



### दिव्यांग मितानिन को दिया ट्राई साइकिल

डॉ. सम्पत अग्रवाल ने जन्म दिवस के शुभ अवसर पर पथरला निवासी हीरालाल भोई की दिव्यांग पुत्री मितानिन त्रिनेत्री भोई ;28 वर्षद्ध को शासन से सहयोग नहीं मिलने पर जन्मदिवस के अवसर पर ट्राई साइकिल भेंट किया।

### डॉ. सम्पत के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन के लिए मंदिरों हुई पूजा-अर्चना

*नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष सम्माननीय डॉ सम्पत अग्रवाल के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर बसना विधानसभा के पूरे नीलांचल सेक्टर बसना, सांकरा, पिथौरा, पिरदा,गढ़फुलझर, बन्सुला, सिंघनपुर, भगत देवरी, पथरला, धानापाली, बिजराभांठा, छिबर्रा, किशनपुर, लाखागढ़, सुखीपाली, सलडीह, परसवानी, कुरचुण्डी के प्रभारी, सह प्रभारी एवं नीलांचल सदस्यों के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में फल वितरण किया गया एवं नीलांचल सेक्टर क्षेत्र के मंदिरों में डॉ सम्पत अग्रवाल के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन के लिए हवन.पूजन किया गया।*

# बिलासपुर का इकलौता क्रिकेट ग्राउंड रघुराज सिंह स्टेडियम बदहाल स्थिति में

## रघुराज सिंह स्टेडियम का ग्राउंड खोदापुर की यादें ताजा करता हुआ स्टेडियम के ग्राउंड में गड्ढे ही गड्ढे

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

शहर का एक मात्र क्रिकेट स्टेडियम बदहाल स्थिति में है ग्राउंड इस समय खोदापुर की यांदे ताजा कर रहा है जिस प्रकार बिलासपुर की जनता खोदापुर को देखी है उसी प्रकार अब ये रघुराज सिंह स्टेडियम हो गया है बच्चों की स्कूलों की छुट्टी लग गई है बच्चे सुबह शाम सैकड़ो की तादाद में क्रिकेट खेल रहे है लेकिन इनमें से ऐसे कई बच्चे है जो स्टेडियम के खड्डों में गिर कर जख्मी हो जा रहे है लेकिन न तो नगर निगम को इस स्टेडियम की चिंता और न ही बिलासपुर कलेक्टर को। नगरनिगम आयुक्त बिलासपुर कलेक्टर बिलासपुर के है नही तो उन्हें बिलासपुर के बच्चों की चिंता क्यो होने लगी उन्हें बिलासपुर के बच्चों की बिल्कुल भी चिंता नही है कि बच्चे अच्छे ग्राउंड में खेल सके।




**स्टेडियम की कल्चर सोसायटी के खाते में करोड़ों रुपये लेकिन स्टेडियम के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा रहा**



### कल्चर सोयायटी के पास करोड़ों रूपये

बिलासपुर रघुराज स्टेडियम कल्चर सोयायटी के जिम्मे है जिसके अध्यक्ष बिलासपुर कलेक्टर है इस कल्चर सोसायटी के खाते में करोड़ो रूपये जमा है लेकिन ग्राउंड के लिए इसे खर्च नही किया जाता आखिर क्यों खर्च नही किया जाता इसका जवाब कलेक्टर साहब के पास ही होगा लेकिन इसकी मुसीबत बच्चों की हो रही है देखभाल के अभाव में ग्राउंड किसी खड्डे वाले खोदापुर जैसा हो गया है ।

### आखिर बच्चें क्रिकेट खेलने कहा जाये

रघुराज स्टेडियम की स्थिति इतनी खराब है कि पूरे ग्राउंड में जहां देखो वहां खड्डे हो गए है जिसको ठीक करने ज्यादा आवश्यकता है इन खडडो में रोज बच्चे जख्मी हो रहे है लेकिन एकलौता स्टेडियम होने के कारण बच्चों की मजबूरी है इसी स्टेडियम में प्रैक्टिस करने की ।

### बिलासपुर क्रिकेट संघ

बिलासपुर क्रिकेट संघ के पदाधिकारी बंटी अग्रवाल का कहना है कि इस समय 19/23 वालों का चयन प्रक्रिया चल रहा है ग्राउंड खेलने की स्थिति का नहीं है फिर भी बच्चे प्रेक्टिस कर रहे है ग्राउंड में खड्डे इतने है कि फ ील्डिंग हो ही नहीं पाती बच्चे घायल हो जाते वो अलग। ग्राउंड को ठीक करने सबसे ज्यादा आवश्यकता है शासन के पास फंड है चाहे तो जिला प्रशासन करा सकता है।

# निजी बसों में यात्रियों से बद्सलूकी और मनमर्जी से किराया वसूली

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।


**पिथौरा से सराईपाली व रायपुर मार्ग में चलने वाली निजी सवारी बसों में मनमाना किराया वसूली और यात्रियों से दुर्व्यवहार लगातार जारी है। इसके सबसे अधिक शिकार भोले भाले ग्रामीण ही हो रहे है।**



दूसरी ओर अब निजी बसों के कंडक्टर भी यह कहने लगे है कि डीजल का भाव बढ़ेगा तो किराया भी बढ़ाया जाएगा। हमको घाटा होगा तो सरकार हमारा घाटा पूरा थोड़ी करेगी। क्षेत्र में निजी बसों द्वारा यात्रियों से वसूले जा रहे मनमाना किराया की शिकायत अब मुख्यमंत्री के क्षेत्र में होने वाले दौरे एवम जन चौपाल में ग्रामीण करेंगे। ग्रामीणों के अनुसार पिथौरा से रायपुर का सरकार द्वारा निर्धारित किराया 125 रुपये है परन्तु बसों में 150 से 250 रुपये तक किराया वसूला जा रहा है इसी तरह पिथौरा से सराईपाली 65 के स्थान पर 80 से 100 रुपये महासमुन्द का किराया 60 के स्थान पर 80 से 100 रुपये तक वसूल किया जा रहा है। वह भी बकायदा टिकिट काट कर दी जाती है। टिकिट में किसी ट्रेवल या कंपनी का नाम नही होता। ग्रामीणों के अनुसार यदि बस कंडक्टर को नियमानुसार निर्धारित किराया लेने की बात कही जाए तो कंडक्टर का स्पस्ट कहना रहता है कि किराया हमारे अनुसार लगेगा नहीं जाना है तो उतर जाओ।

### किराया सरकार नहीं हम तय करते हैं

इधर सराईपाली मार्ग पर चलने वाली एक शिकायत पर इस प्रतिनिधि ने एक बस के कंडक्टर से अधिक किराया लेने की बात पूछी। जिस पर उक्त कंडक्टर ने पहले तो किराया सूची देखने की बात की। एक कपड़े से ढकी किराया सूची में रायपुर से पिथौरा का किराया 125 दर्ज था परन्तु उसके द्वारा यात्रियों से 150 वसूला गया था। इस वसूली पर उसने स्पस्ट कहा कि किराया सूची बने 6 माह हो गए। उसके बाद डीजल का भाव फि र बढ़ा है। इसलिए सरकार के भरोसे बस नहीं चलती हम लोग खुद ही किराया बढ़ा लेते है। एक अन्य एसी रफ्तार एवम रॉयल बस के कंडक्टर ने तो राष्ट्रीय राज मार्ग पर बस में सवार होने वाले यात्रियों से रायपुर के 200 रुपये किराया वसूल रहे है। इन बस कंडक्टरों से बात करने पर पता चला कि ये सरकारी किराया नहीं मानते। बस इनकी है इसलिए




किराया भी इनके अनुसार ही लगेगा। बहरहाल जिले की लचर परिवहन व्यवस्था एवम मात्र ओवर लोड एवम ट्रक माल परिवहन वाहनों के लिए आर टी ओ एवम पुलिस पर्याप्त समय देती है परन्तु बस में अत्यधिक किराया वसूली की शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं करना अनेक संदेह को जन्म दे रहा है।

### जांच कर कार्यवाही की जाएगी -आरटीओ

दूसरी ओर जिला परिवहन अधिकारी रामकुमार ध्रुव ने मोबाइल से हुई चर्चा में शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए कहा कि अभी तत्काल में शासन द्वारा बसों का किराया नहीं बढ़ाया गया है शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही बसों में किराया लिया जाना चाहिए। बस ऑपरेटर अपनी मर्जी से किराया नही बढ़ा सकते। अब शिकायत मिली है तो वे इसकी जांच कर कार्यवाही करेंगे।

## एक नजर

### तहसील कार्यालय का काम-काज भगवान भरोसे

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

स्थानीय तहसील कार्यालय का काम काज इन दिनों भगवान भरोसे चल रहा है। वजह है जिम्मेदार अधिकारी का ज्यादातर नदारद रहना। परिणाम स्वरूप शासकीय और अन्य कार्य समय सीमा में भी पूरे नही हो पा रहे हैं। और लोगों को तहसील कार्यालय व लोक सेवा गारंटीक केन्द्रों के चक्कर पर चक्कर काटने पड रहे हैं। ज्ञातव्य है कि मौजूदा वक्त में शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत आय,जाति, निवास और प्रमाण पत्रों तथा भूमि से सम्बंधित दस्तावेजों के लिये तहसील कार्यालय एवं लोक सेवा गारंटी केंद्रों में बडी मात्रा में प्रस्तुत आवेदन लंबित है। जिनका निर्धारित समयावधि में निराकरण न होने से लोग बेहद परेशान है। लोगों का कहना है किए जब जिला मुख्यालय में ही ऐसी स्थिति है तो मुख्यालय से दुरस्त अन्य जगहों पर क्या हाल होगा, इसे सहज ही समझा जा सकता है।

### फसल बीमा नहीं मिलने से नाराज किसानों ने दी चक्काजाम की चेतावनी

कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, आश्वासन पर माने

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पिछले दो वर्षों से फसल बीमा कराने के बाद फसल क्षति और अकाल की स्थिति पश्चात भी बीमा योजना का लाभ नहीं मिलने से जिले के कई किसान परेशान हैं। नाराज किसानों ने मामले में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर एनएच पिथौरा में चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। मंगलवार को जनचौपाल में ज्ञापन सौंपने पहुंचे जिले के मोंगरापाली, सम्हर, सरायपाली, बिराजपाली और कोटनापाली के किसानों ने सौंपे ज्ञापन में बताया है कि वे केन्द्र सरकार की फसल बीमा योजना के तहत समितियों द्वारा उनकी फसलों का बीमा कर नियमित रूप से प्रीमियम लिया जा रहा है। लेकिन शासन के कर्मचारियों की लापरवाही से पिछले दो सालों से अकालग्रस्त और सूखा पड़ने के बाद भी उन्हें बीमा योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बीमा राशि की भुगतान की मांग लेकर भाजपा नेताओं के साथ पहुंचे किसानों ने कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में जमकर नारेबाजी की। किसानों से बातचीत करने पहुंचे डिप्टी कलेक्टर राकेश गोलछा ने किसानों को मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया जिस पर किसान मान गए। सांसद प्रतिनिधि पवन माहू, मोहन साहू, महेन्द्र सिका और जग्गू छुरा ने मामले में किसानों का समर्थन करते हुए कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की रणनीति तैयार कर आंदोलन करने की बात कही है। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में किसान मौके पर मौजूद रहे।

### निगम में तीन आश्रितों को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

**कोरबा** । नगर पालिक निगम कोरबा में दिवंगत हो चुके तीन कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई है। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उन्हें अनुकम्पा नियुक्ति का आदेश पत्र प्रदान किया, उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। नगर पालिक निगम कोरबा में तीन आश्रितों को सहायक ग्रेड-3 के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति दी गई है। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने शासन के नियमों के तहत अनुकम्पा नियुक्ति आदेश पत्र जारी किया। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित अपने कक्ष में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने इन नवनियुक्त कर्मचारियों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किया, उन्हें शुभकामनाएं दी तथा पूरी निष्ठा व सेवा भावना के साथ कार्य करने को कहा। निगम में कार्यरत रहे स्व. के.पी.दहायत के पुत्र आदर्श दहायत, स्व.कमलेश कुमार रात्रे के पुत्र सौरभ रात्रे एवं स्व. खेमलाल नौरंगे के पुत्र अभिषेक नौरंगे को निगम में अनुकम्पा नियुक्ति मिली है। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद द्वारा इन नवनियुक्त कर्मचारियों को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाने के अवसर पर निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, लेखाधिकारी आनंद गुप्ता, अमृतलाल कैवर्त, शांतिलाल सोनी, यू.आर.महिलांगे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### ट्रेक्टर ड्राइवर की हत्या से सनसनी,जांच में जुटी पुलिस

**बलौदाबाजार** । जिले के सुहेला के ग्राम हिरमी में एक युवक के मर्डर का मामला सामने आया है। मृतक का नाम रामदुलार यादव उम्र 24 वर्ष बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, युवक का मर्डर जय स्तंभ चौक के पास रात 11:00 बजे की घटना बताई जा रही है। मृतक युवक अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र हिरमी में ठेकेदारी में ट्रेक्टर ड्राइवर था।

## प्रदेश में श्रमिकों को सर्वाधिक रोजगार राजनांदगांव जिले में मिला

जिले में 66 हजार 190 व्यक्तियों को दिया गया रोजगार

**राजनांदगांव** । महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत प्रदेश में राजनांदगांव जिले में सर्वाधिक श्रमिकों को रोजगार दिया गया है। श्रमिकों को रोजगार देने में राजनांदगांव जिला प्रदेश में पहले स्थान पर है। जिले में श्रमिकों को रोजगार देने की दिशा में कारगर कदम उठाए गए हैं। जिसके सार्थक परिणाम रहे और विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिकों को कार्य मिला। राजनांदगांव जिला पंचायत द्वारा 813 ग्राम पंचायतों में 66 हजार 190 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया गया है। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री लोकेश चंद्राकर के निर्देशन में श्रमिकों को रोजगार देने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। जिले में कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान भी श्रमिकों को रोजगार प्रदान किया गया। जिससे पलायन को रोकने में मदद मिली। वहीं अन्य राज्यों से जिले में आए श्रमिकों को भी रोजगार प्रदान किया गया। डबरी निर्माण के माध्यम से जल स्तर बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में नया तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, नरवा बंधान, शेड निर्माण, डबरी निर्माण, कुंआ निर्माण जैसे कार्य मनरेगा के तहत किए जा रहे हैं। श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर व्यापक रूप से रोजगार उपलब्ध कराया गया। राजनांदगांव जिले के अंबागढ़ चौकी विकासखंड में 6 हजार 784 व्यक्तियों को रोजगार दिया गया।

देवरबीजा में अंजोर रथ ने ग्रामीणों को नेशनल लोक अदालत

## साईबर क्राईम यातायात नियम के संबंध में किया जागरूक, अपराध के प्रति सजग रहने का दिया संदेश

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल एवं डीएसपी कमल नारायण शर्मा एवं निरीक्षक हरप्रसाद पाण्डेय के मार्गदर्शन में 09 मई 2022 दिन सोमवार को अंजोर रथ के माध्यम से चौकी देवरबीजा व यातायात बेमेतरा पुलिस द्वारा देवरबीजा में आस-पास के ग्रामीण अंचल से आये आम नागरिकगणो को जागरूक किया। तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरणध्जिला एवं सत्र न्यायालय बेमेतरा के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय बेमेतरा में 14 मई 2022 को नेशनल लोक अदालत का आयोजित किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारो की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किये जाने है। जिसमें आमजनो को लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुए, अपने लंबित प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निकाल करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही मोबाईल एवं आनलाईन से होने वाले धोखाधड़ी से सावधान रहने एवं साईबर क्राईम, चिटफ ण्ड कंपनी के झांसा में न आने के संबंध में बताया गया। तथा वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग न करनेए दुपहिया वाहन में तीन सवारी न बैठाने, वाहन चालको को हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करनेए अपने वाहन के कागजात हमेशा पूर्ण रखने, वाहन गति सीमा में ही चलाने तथा वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने की आवश्यकता को बताया गया। उक्त संबंध में बेनर/पोस्टर, पाम्पलेट के माध्यम से आमजन को जगरूक किया गया। बेमेतरा पुलिस के द्वारा तैयार किया गया ये अंजोर रथ के माध्यम से लगातार गांव-गांव में जाकर जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर चौकी देवरबीजा से आरक्षक रमेश चंद्रवंशी एवं यातायात बेमेतरा से आरक्षक विकास मिश्रा, भुपेन्द्र सिंह राजपूत एवं आस.पास के ग्रामीण अंचल से आये आम नागरिकगण उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की ली बैठक जहां हो ट्रांसफार्मर की जरूरत तत्काल लगाएं

मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने निर्देश दी

जोहार छीसगढ़-सूरजपुर।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सूरजपुर के तीनों विधानसभाओं के भ्रमण के दौरान लगाए गए चौपाल में विद्युत विभाग से संबंधित मांग, समस्याए शिकायतों के निराकरण के लिए कलेक्टर सुश्री इफ्फ त आरा ने जिले के विद्युत विभाग के अधिकारियों की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान प्राप्त आवेदन ट्रांसफ र्मर, लाइन शिफ्टिंग, लो वोल्टेज, विद्युत विभाग की योजनाओं की जानकारी ली एवं प्राप्त आवेदनों का त्वरित कार्रवाई कर निराकरण करने के निर्देश दी हैं। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर शिव बनर्जी, डिप्टी कलेक्टर वहीदूर्रहमान, तहसीलदार रिचा सिंह कार्यपालन अभियंता विद्युत एचके मंगेशकर, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता उपस्थित थे। कलेक्टर ने विभाग में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों की जानकारी ली एवं आउट सोर्सिंग से कार्य कर रहे कर्मचारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेसिक ट्रेनिंग देने के निर्देश दी तथा सुरक्षा के निर्धारित मापदंड का पालन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दी। उन्होंने लो वोल्टेज की समस्या के निदान के लिए जिन लोगों के द्वारा अवैध तरीके से हुकिंग कर बिजली चोरी की जाती है कार्रवाई करने के निर्देश दी। कलेक्टर ने जहां.जहां ट्रांसफार्मर की मांग की गई है जरूरत आधार पर वहां लगाने के निर्देश दी। उन्होंने स्थानीय स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर संबंधित आवेदन कर्ता को सूचित करने के निर्देश दी।

## बेटी की शादी के पहले ग्रामीणों ने किया परिवार का सामाजिक बहिष्कार

### पीड़ित ग्रामीण ने महिला आयोग और प्रशासन से लगाई गुहार

**कोरबा** । करतला विकासखंड के ग्राम रोगदा में निवासरत एक ग्रामीण पर उस समय संकट का पहाड़ टूट पड़ा जब बेटी की शादी के पहले मंडपाच्छादन दिन समाज के लोगों ने उसका सामाजिक बहिष्कार कर दिया। पीड़ित ग्रामीण की बेटी ने महिला आयोग और प्रशासन से गुहार लगाई है। रोगदा निवासी हेमलालप पटेल की बेटी की शादी 11 मई को तय हुई है। इसके लिए नौ मई को मंडपाच्छादन का किया गया। इसमें पटेल ने समाज के सभी लोगों को आमंत्रित किया था, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। हेमलाल का कहना है कि वह निजी तालाब में मछली पालन कर रहा है। इससे ग्रामीणों को आपत्ति हैं। इसी वजह से उसे समाज से बाहर निकाल दिया है। समाज के लोगों ने उससे एक लाख अर्थदंड भरने के लिए कहा है। तभी उसे समाज में शामिल किया जाएगा।

प्रशासन से की गई शिकायत के बाद क्षेत्र के तहसीलदार आराधना प्रधान सहित पुलिस अमला गांव में पहुंचा था। ग्रीमणों को समझाईस दी है। साथ ही ग्रामीणों को 11 मई को हेमलाल की बेटी की होने वाली शादी में सहयोग करने के लिए कहा है। यह बताना होगा कि इससे पहले भी पीड़ित परिवार ने कलेक्टर व एसपी से इसकी शिकायत की थी और कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया था।

## राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता छात्रों ने कलेक्टर से की मुलाकात

**कलेक्टर ने बधाई देकर अच्छे खेल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी**

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



**13 से 16 मई तक उज्जैन में चलने वाले राष्ट्रीय स्तर के ताइक्कांडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे**

रायपुर में आयोजित हुई राज्य स्तरीय ओपन ताइक्कांडो प्रतियोगिता में नगर की अग्रणी शिक्षण संस्थान साधुराम सेवाकुंज में संचालित ताइक्कांडो के छात्रों ने बाजी मारते हुए नौ स्वर्ण पदक, पांच रजत पदक और कांस्य पदक जीतकर अपना दवदबा कायम किया है। स्वर्ण पदक विजेता छात्रों ने आज कलेक्टर से मुलाकात की। विजेता खिलाड़ी 13 से 16 मई तक उज्जैन में चलने वाले राष्ट्रीय स्तर के ताइक्कांडो प्रतियोगिता उज्जैन में भाग लेंगे। कलेक्टर सुश्री इफ्फ त आरा ने छात्रों को बधाई देकर बेहतर खेल प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी है। गौरतलब है कि विगत दिनों छत्तीसगढ़ ताइक्कांडो संघ द्वारा आयोजित चौथी राज्य स्तरीय सब जूनियर, कैडेट जूनियर के साथ सीनियर महिला व पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता मठपुरैना रायपुर में हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों से 700 प्रतियोगी खिलाड़ी शामिल हुए। चार वर्गों में आयोजित हुई प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, नौ छात्रों ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। जिन्हें आगामी राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। स्पोर्टस आफि सर संजय सिदार के नेतृत्व में सब जूनियर ग्रुप में अक्षत राज पोर्ते, वरूण सोनवानी व आयुष पैंकरा ने स्वर्ण तथा अंश राजवाड़े ने रजत, जूनियर ग्रुप में हुपेन्द्र सिंह, चांदनी राजवाड़े ने स्वर्ण तथा रीतिका द्विवेदी व दीपक सिंह ने रजत, जूनियर में ही सारिका द्विवेदी व इशान सोनी तथा मुकेश कुमार ने स्वर्ण हासिल किया है, जबकि सीनियर वर्ग में आंचल राजवाड़े, आकाश सोनवानी, सोनिया सिंह ने रजत, इन्द्रा कुमारी ने कांस्य तथा दया बक्सला ने स्वर्ण पदक हासिल कर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर शिव बनर्जी, ट्रेजरी ऑफिसर अनिल बारी एवं ताइक्कांडो प्रशिक्षक संजय सिदार उपस्थित थे।

## लाफिनखुर्द की छात्राओं को मिली साइकिल एवं पाठ्य पुस्तकें

संसदीय सचिव ने दिया कड़ी मेहनत कर लक्ष्य प्राप्त करने पर जोर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।



संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्राम लाफिनखुर्द शासकीय हाईस्कूल में छात्राओं को निशुल्क सायकल व पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कड़ी मेहनत कर लक्ष्य प्राप्त करने जोर दिया। आज मंगलवार को ग्राम लाफि नखुर्द शासकीय हाईस्कूल में सायकल वितरण व पाठ्यपुस्तक वितरण कार्यक्रम आयोजित था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सचिन गायकवाड़ ने की। विशेष अतिथि के रूप में सरपंच देवकुमार टंडन, पूर्व सरपंच संतोष कुमार साहू, लीलू साहू, भुवनेश्वर साहू, सुंदर साहू मौजूद थे। पूजा अर्चना पश्चात मुख्य अतिथि चंद्राकर ने महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत बालिकाओं को निशुल्क साइकिल के साथ ही छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बेहतर भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसे कड़ी मेहनत व अनुशासन के बल पर हासिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए विद्यार्थियों को चाहिए कि वे पूरा साल कड़ी मेहनत करें।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए 10वीं और 12वीं की परीक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को हेलीकॉप्टर राइड कराई जाएगी।

जिससे अन्य छात्र.छात्राएं भी प्रोत्साहित हो सकेंगे। शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। अंग्रेजी माध्यम वाले स्कूलों की तर्ज पर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने का फैसला ऐतिहासिक है। हिंदी माध्यम के सरकारी स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम वाले स्कूलों की तरह आधुनिक बनाया जा रहा है। जिसका लाभ उठाने का आव्हान किया। इस दौरान संसदीय सचिव चंद्राकर का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। बाद इसके कराते स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं की तारीफ कर उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिलीप मार्कण्डे, हेमलाल ध्रुव, संतोष साहू, तेजकुमार साहू, हेमलाल सेन, मेघराज ध्रुव, हेमन्त साहू, निर्मला साहू, भगेला देवांगन, गिरवर साहू, हरक यादव, प्रीति चंद्राकर, भुनेश्वरी जांगड़े, ममता ठाकुर, राधेश्याम सोनी, अमित देवांगन, रामेश्वर साहू आदि मौजूद थे।

# फरहान की पत्नी शिबानी ने शेयर की गुड न्यूज़



फरहान अख्तर को लेकर एक बड़ी खबर आई है। जी दरअसल जल्द हआ आप फरहान को मार्वल की नई सीरीज मिस मार्वल में देखने वाले हैं। आप सभी को बता दें कि अभिनेता इसी साल फरवरी में शिबानी दांडेकर के साथ निकाह पढ़ा हैं। इन सभी के बीच एक बार फिर से फरहान के फैंस के लिए गुड न्यूज आई है। जी दरअसल एक्टर मार्वल की नई सीरीज मिस मार्वल में नजर आएंगे। वहीं इस खबर को शेयर कर उनकी पत्नी ने इसपर रिएक्ट किया है।

जी दरअसल शिबानी दांडेकर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। आप देख सकते हैं इस पोस्ट के अनुसार फरहान अख्तर मिस मार्वल के कलाकारों का हिस्सा होंगे और मार्वल स्टूडियोज की पहली मुस्लिम सुपरहीरो सीरीज मिस मार्वल में वो नजर आएंगे। बताया जा रहा है यह इमान वेल्लानी को कमला खान के रूप में दिखाएगा, जो जर्सी सिटी में पली-बढ़ी एक मुस्लिम अमेरिकी किशोरी है। फरहान अख्तर का क्या होगा रोल?- खबरों के अनुसार अब तक मिस मार्वल में फरहान अख्तर के किरदार का खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि रिपोर्ट्स के अनुसार, उनका गेस्ट अपीयरेंस होगा, लेकिन ये काफी मजबूत और अहम किरदार होने वाला है।

आप देख सकते हैं इस बड़ी खबर को शेयर कर शिबानी दांडेकर ने कैप्शन में लिखा, यह!!! इसके लिए इंतजार नहीं कर सकती!! मार्वल यूनिवर्स का हिस्सा बनने वाले पहले मुख्यधारा के भारतीय एक्टर! आप पर गर्व है। आप सभी को पता हो शिबानी दांडेकर और फरहान अख्तर ने इसी साल 19 फरवरी को खंडाला में जावेद अख्तर-शबाना आज़मी के फार्महाउस में निकाह किया था और उस निकाह की तस्वीरें वायरल होते ही शिबानी के प्रेग्नेंट होने की खबरों ने तूल पकड़ा था। हालांकि ऐसा कुछ नहीं था।

# पत्नी नताशा के बर्थडे पर वरुण धवन ने कुछ इस तरह दी बधाईयां



बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और उनकी पत्नी नताशा दलाल बी-टाउन के फेमस कपल्स में से एक कहे जाते है। वरुण हमेशा ही पत्नी नताशा संग खूबसूरत फोटोज साझा करते रहते हैं। हाल ही में वरुण ने नताशा के साथ बेहद ही प्यारी फोटोज भी साझा कर दी है जो इस समय इंटरनेट पर चर्चाओं का विषय बन चुकी है।

वरुण ने ये तस्वीर नताशा के जन्मदिन पर साझा कर दी गई है। प्रथम फोटोज में वरुण नताशा संग सेल्फी लेते हुए दिखाई दे रही है। वहीं दूसरी फोटोज में नताशा वरुण के गालों पर किस करती दिखाई दे रही है। आखिरी फोटो के बारें में बात की जाए तो इसमें मिसेज धवन अपने पेट डॉग पर प्यार लुटाने लगी है। इन तस्वीरों के साथ वरुण ने लिखा-इस गृह की मेरे पसंदीदा दिल की धड़कन को हैप्पी बर्थडे जॉय की मम्मा को भी। नताशा और वरुण की इन तस्वीरों को फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं।

पर्सनल लाइफ के बारें में बात की जाए तो वरुण धवन ने इसी वर्ष 24 जनवरी में लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड नताशा दलाल संग विवाह के बंधन में बंधे थे। कपल ने परिवार और कुछ दोस्तों के बीच अलीबाग में विवाह रचाया था। वर्कफ्रंट के बारें में बात की जाए तो वरुण आखिरी बार सारा अली खान के साथ कुली नंबर 1 के रीमेक में भी दिखाई दे चुके है। अपकमिंग मूवी के बारें में बता दें कि वरुण जुग जुग जीयो, भेड़िया जैसी मूवीज हैं। जिसके साथ साथ वह जाह्नवी कपूर के साथ मूवी बवाल में दिखाई देंगी।

# 500 रुपए के लिए फैन की बाइक पर बैठी सारा अली खान, वीडियो वायरल



सारा अली खान इन दिनों अपने अभिनय के लिए मशहूर हैं, हालाँकि इसी बीच उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है. जी हाँ और इस वीडियो में सारा अली खान का एक फैन पहले उनके साथ सेल्फी खिंचवाता है और फिर बाद में सारा को 500 रुपए पकड़ाता है. आप देख सकते हैं 500 रुपए देखकर सारा बहुत खुश हो जाती हैं और पैसों पर झपट पड़ती हैं. वैसे पहले तो इस वीडियो को देख कर लगता है कि सारा 500 रुपए पर ऐसे क्यों टूट पड़ीं? वह तो खुद नवाबों की बेटी और सैफ अली खान की लडली हैं.

हालाँकि मामला कुछ और है. जी दरअसल सारा को एक टास्क मिला है जिसमें कॉमेडियन क्वीन भारती सिंह भी शामिल हैं. जी हाँ, सारा अली खान का ये मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है. इस वीडियो में सारा अली खान को रास्ते पर आते जाते लोगों को उन्हें पैसे देने के लिए कन्वेंस करना होता है, सारा को अलग अलग तरह से लोगों से पैसे मांगने हैं और अपने टैलेंट को दिखाते हुए मनी कलेक्ट करनी होती है. इस दौरान सारा कुछ लोगों को टारगेट कर उनसे पैसे मांगने पहुंचती हैं जिसमें भारती भी उनकी मदद करती हैं, इस दौरान सारा और भारती का अनलिमिटेड फन भी चालू रहता है.

जी दरअसल इस वीडियो में पहले फैन से उन्हें पैसों की डिमांड पूरी होती नजर नहीं आती तो वह दूसरे के पास जाती हैं. वहीं दूसरा शख्स ऑटो वाला होता है जो सारा को साफ पैसे देने से इनकार कर देता है, अब अचानक एक कूल लड़का रास्ते में सारा को मिलता है जो एक्ट्रेस को देख कर रुक जाता है और 500 रुपए देने का ऑफर देता है, सारा भी खुश हो जाती हैं. इसके बदले में सारा लड़के के साथ सेल्फी लेती हैं. वहीं पैसे देखते ही सारा 500 के नोट पर झपट पड़ती हैं और खुशी से पैसे ले लेती हैं. इसके बाद सारा एक अन्य रेडम शख्स के पास पहुंचती हैं जो सारा को 100 रुपए देने की बात करता है, सारा नहीं मानतीं और आगे बढ़ जाती हैं. इसके बाद एक और शख्स सारा को मिलता है जो उन्हें अपनी बाइक में बैठाता है राउंड दिलवाता है और 500 रुपए भी देता है. इस तरह सारा अपना टास्क पूरा कर पाती हैं.


# एआर रहमान की बेटी का हुआ शानदार वेडिंग रिसेप्शन, वीडियो वायरल



हिंदी सिनेमा के मशहूर संगीतकार ए आर रहमान की बेटी ने बीते दिनों निकाह किया है और उस दौरान के फोटोज को फैंस ने बहुत पसंद किया। जी दरअसल कुछ समय पहले उनकी बेटी खतीजा का निकाह हुआ है, जिसके बारे में वह सोशल मीडिया के जरिए अपडेट दे रहे हैं। कुछ समय पहले ही उन्होंने बेटी खतीजा की शादी की तस्वीर शेयर की थी और अब उन्होंने वेडिंग रिसेप्शन का वीडियो भी शेयर किया है। जी हाँ और इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स तारीफों के पुल बांधते नजर आ रहे हैं। आप देख सकते हैं एआर रहमान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शादी के रिसेप्शन का जो वीडियो शेयर किया है, उसमें बेटी खतीजा और दामाद रियासदीन शेख पारंपरिक लुक में स्टेज पर मेहमानों से मिलते दिखाई दे रहे हैं, वहीं खतीजा हमेशा की तरह पर्दे में दिखाई दीं। अब लोग कमेंट कर इस नए जोड़े को बधाई दे रहे हैं और दोनों के लुक की भी तारीफ़ कर रहे हैं। वैसे एआर रहमान ने अपनी बेटी की शादी के निकाह से लेकर रिसेप्शन तक को शानदार बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है।

आप देख सकते हैं वेडिंग वेन्यू पर शानदार सजावट और लाइटिंग की गई है, लेकिन यह सभी कुछ बेहद सादगी के साथ किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि समारोह में किसी तरह का कोई धूम धड़ाका नहीं है। संगीत को भी क्लासिकल ही रखा गया है। आप सभी को बता दें कि एआर रहमान ने 23 वर्ष की उम्र में अपना धर्म परिवर्तन कर इस्लाम कबूल कर लिया था। जी हाँ, उनका पहला नाम दिलीप कुमार था, जिसे बदलकर उन्होंने ए आर रहमान कर लिया।

# कोरोना में किसी ने धर्म की चिंता नहीं की, लाउडस्पीकर विवाद पर बोले सोनू सूद



आप सभी जानते ही होंगे बीते कई दिनों से देश में लाउडस्पीकर और हनुमान चालीसा विवाद गर्माया हुआ है। जी हाँ, और अब तक कई नेता से लेकर अभिनेता इस मुद्दे पर अपनी राय दे चुके हैं। हाल ही में एक्टर सोनू सूद भी विवाद में अपनी राय रखने लगे हैं और हाल ही में उन्होंने इस विवाद को लेकर दुख जताया और लोगों से साथ मिलकर रहने की अपील भी की। जी दरअसल हाल ही में पुणे के JITO कनेक्ट 2022 समिट में शामिल हुए सोनू सूद ने कहा, हनुमान चालीसा और लाउडस्पीकर को लेकर चल रहे विवाद से दुख होता है और जिस तरह लोग एक-दूसरे के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। वह भी दिल तोड़ देता है। पिछले ढाई सालों में हमने मिलकर कोरोना महामारी से लड़ाई लड़ी है। ऐसे में हमें अभी भी साथ रहना चाहिए। इसी के साथ एक्टर ने आगे कहा, कोरोना की पहली और दूसरी लहर में जब लोगों को ऑक्सीजन की जरूरत थी, तो किसी ने धर्म की चिंता नहीं की। सभी ने एक दूसरे की मदद की। राजनीतिक दलों ने भी बिना किसी का धर्म देखे सबके बारे में सोचा, कोरोना के कारण हम एक हो गए थे, फिर अब क्या हुआ? इसी के साथ सोनू सूद ने राजनीतिक पार्टियों से भी अपील की कि वो सभी बेहतर देश के लिए एक साथ आए। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि, हमें धर्म और जातियों की सीमाओं को तोड़ना होगा ताकि हम मानवीय आधार पर योगदान दे सके।

## खेल

बुमराह का लाजवाब प्रदर्शन

# IPL में पहली बार 5 विकेट लिए, रन खर्च किए सिर्फ 10,18वां ओवर मेडन फेंका




**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सोमवार को साबित कर दिया कि चैंपियन खिलाड़ी हमेशा चैंपियन ही होता है। कोलकाता नाइटराइडर्स के बल्लेबाजों के पास जसप्रीत बुमराह की आग उगलती गेंदों का कोई जवाब नहीं था।

बुमराह ने KKR के सामने अपने IPL करियर का सबसे शानदार स्पेल डाला। उन्होंने 4 ओवर में एक मेडन फेंका। इस दौरान महज 10 रन देकर बूम-बूम बुमराह ने पांच विकेट झटके। यह IPL में पहला मौका है, जब बुमराह ने एक पारी में पांच विकेट लिए हैं। बुमराह ने पारी का 18वां ओवर बेहद शानदार अंदाज में डाला, जिसे क्रिकेट फैंस लंबे समय तक याद रखेंगे। तेज गेंदबाज ने इस ओवर में तीन विकेट लिए और एक भी रन खर्च नहीं किया। यह विकेट मेडन ओवर रहा। बुमराह ने ओवर की पहली गेंद पर शेल्डन जैक्सन (5) को डीप स्क्वायर लेग पर डेनियल सेम्स के हाथों कैच आउट कराया। फिर ओवर की तीसरी गेंद पर बुमराह ने पैट कमिंस को मिडविकेट पर तिलक वर्मा के हाथों में कैच देने के लिए मजबूर किया। अगली ही गेंद पर बुमराह ने सुनील नरेन का कैच खुद पकड़ा।

### टॉप 5 बॉलर्स में शामिल हुए बुमराह

जसप्रीत बुमराह आईपीएल इतिहास में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ों में अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। अनिल कुंबले ने 5 रन देकर पांच विकेट लिए थे। IPL इतिहास में सबसे बेहतरीन गेंदबाजी करने के मामले में जसप्रीत बुमराह पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

IPL के बेस्ट बॉलिंग फिगर का रिकॉर्ड अल्जारी जोसेफ के नाम दर्ज है, जिन्होंने 12 रन देकर 6 विकेट लिए थे। दूसरे स्थान पर सोहेल तनवीर काबिज हैं, जिन्होंने 14 रन देकर 6 विकेट लिए थे। एडम जंपा 19/6 के आंकड़ें के साथ तीसरे नंबर पर हैं। अनिल कुंबले और जसप्रीत बुमराह क्रमश चौथे और पांचवें स्थान पर मौजूद हैं। जसप्रीत बुमराह ने च्चयक्र के खिलाफ अपने चार ओवर के स्पेल में 18 गेंदें डॉट डालीं।

# रवि शास्त्री ने बताई आईपीएल 2022 में आरसीबी की सफ़लता की वजह



**मुंबई** । भारतीय टीम के कप्तान व कोच रह चुके रवि शास्त्री का मानना है कि आईपीएल 2022 में रॉयल चैलेंजर बैंगलोर के अच्छे प्रदर्शन का कारण यह है कि अलग-अलग मौकों पर टीम का एक अलग खिलाड़ी जीत में योगदान दे रहा है और टीम अब चुनिंदा खिलाड़ियों पर टिकी हुई नहीं है। फ़ाफ़ डू प्लेसिस के नेतृत्व में आरसीबी ने इस सीज़न अच्छा प्रदर्शन किया है और विशेषज्ञों का मानना है कि वे आईपीएल का खिताब जीतने के दावेदार हैं। शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, वे अच्छा खेल रहे हैं और चेन्नई के खिलाफ़ जीत ने ज़रूर उनका मनोबल बढ़ाया होगा। उनका ड्रेसिंग रूम पहले की तुलना में बहुत बेहतर है। आरसीबी के खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरे होंगे, और उनकी मानसिकता भी अब बदली हुई होगी क्योंकि सही समय पर सही खिलाड़ी टीम के लिए योगदान दे रहा है। पूर्व भारतीय खिलाड़ी आकाश चोपड़ा ने कहा कि आरसीबी अब एक संतुलित टीम है और इसी कारण वे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आरसीबी का संतुलन फ़िलहाल बहुत अच्छा मालूम होता है। बीते सालों में ऐसा नहीं था, पहले टीम विराट कोहली या एबी डिविलियर्स जैसे चुनिंदा खिलाड़ियों पर टिकी रही थी लेकिन इस साल तस्वीर अलग है। उनके पास गेंदबाज़ी के कई विकल्प मौजूद हैं जो उनके लिए सबसे बेहतरीन बात है।

## एक नजर

# डेफ़लंपिक्स में प्रियेशा-धनुष की जोड़ी ने दिलाया चौथा स्वर्ण

**कैक्सियस डो सुल ।** प्रियेशा देशमुख और धनुष श्रीकांत की मिश्रित युगल जोड़ी ने कैक्सियस डो सुल में चल रहे डेफ ओलंपिक्स के छठे दिन 10 मीटर एयर राइफ़ल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाया। 414 पॉइंट के साथ च्ालिफ़ाई करने वाली प्रियेशा -धनुष की जोड़ी ने जर्मनी के सेबेस्टियन हरमनी और सबरीना एकर्ट को 16-10 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। धनुष का यह दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले धनुष 10 मीटर एयर राइफ़ल पुरुष प्रतियोगिता में भी 247.5 विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। भारत अब तक शूटिंग में पांच (तीन स्वर्ण और दो कांस्य) और बैडमिंटन में एक स्वर्ण पदक जीत चुका है। कुल छह पदकों के साथ भारत पदक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गया है।

# इंडियन ग्रां प्री 3, 4 का आयोजन भुवनेश्वर में करेगा ओडिशा

**भुवनेश्वर ।** ओडिशा सरकार ने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) और ओडिशा एथलेटिक्स संघ (ओएए) के साथ मिलकर भुवनेश्वर में 21 व 24 मई को इंडियन ग्रां प्री-3 और इंडियन ग्रां प्री-4 के आयोजन की घोषणा की है। इससे पहले इन मुकाबलों का आयोजन मदुरई में होना था, लेकिन एथलीट्स की बेहतर सुविधा के लिए इन्हें भुवनेश्वर में स्थानांतरित कर दिया गया है। भारतीय ग्रां प्री के एथलेटिक्स मुकाबले विशेष महत्व रखते हैं क्योंकि इनके ज़रिये प्रतिभागी विश्व एथलेटिक्स, कॉमनवेल्थ खेलों और आगे बढ़ाए गए एशियाई खेलों के लिए च्ालिफिकेशन वर्ग में दाखिल हो सकते हैं। एएफआई सूत्रों ने बताया कि इंडियन ग्रां प्री-3 और इंडियन ग्रां प्री-4 में कुल 17 प्रतियोगिताएं होंगी। इनमें नौ प्रतियोगिताएं महिलाओं व आठ प्रतियोगिताएं पुरुषों के लिए आयोजित होंगी और सभी मुकाबले शाम के समय होंगे।

# आनंद ने मां को याद कर सुनाई अपने पहले ओलंपियाड की कहानी

**चेन्नई ।** पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने मदर्स डे पर अपनी मां के बारे में एक कहानी साझा करते हुए उन्हें याद किया। भारतीय ग्रैंडमास्टर आनंद की मां सुशीला आनंद ने उन्हें शतरंज से रूबरू कराया और उनके दिल में इस खेल के लिए प्रेम जगाया। जब आनंद ने शतरंज प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू किया तो उनकी मां उनके साथ जाया करती थीं और यह सुनिश्चित करती थीं कि उनका ध्यान खेल से न भटके। आनंद ने अपनी मां की इसी आदत से जुड़ी 1984 में यूनान के थेसालोनिकी में हुई एक घटना साझा की। वह उस समय 14 साल के थे। उन्होंने कहा , मैंने एक साल पहले ही अपनी अंतरराष्ट्रीय रेटिंग हासिल की थी और मैं ओलंपियाड में सारे बड़े खिलाड़ियों को देखकर चकित रह गया था। आनंद ने बताया कि सोवियत संघ तब अनातोली कारपोव और गैरी कास्परोव की अनुपस्थिति के बावजूद अपराजेय था। उन दिनों शतरंज सामग्री और खेलों तक पहुंच बहुत सीमित थी और एकमात्र स्त्रोत अलेक्जेंडर मटानोविक और मिलिवोजे मोलेरोविक द्वारा स्थापित चेस इन्फोर्मेंट था जिसने एक या दो संस्करणों में एक वर्ष में खेले जाने वाले सभी शीर्ष खेलों की सूचना प्रकाशित की थी।

एशिया कप दुबई में

# श्रीलंका के राजनीतिक संकट के बीच क्रिकेट बोर्ड की बैठक, एशिया कप के वेन्यू पर आज हो सकता है फैसला




**कोलंबो।** श्रीलंका में राजनीतिक संकट के बाद श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (CLC) ने एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक मंगलवार को बुलाई है। इस बैठक में एशिया कप को श्रीलंका के बजाय दुबई में आयोजन करने पर मुहर लग सकती है। वहीं बैठक में ऑस्ट्रेलिया के साथ जून में होने वाले घरेलू सीरीज को भी टालने पर लेकर विचार किया जा सकता है। दरअसल श्रीलंका में आर्थिक संकट के बीच राजनीतिक संकट भी पैदा हो गया है, जिसके कारण वहां गृह युद्ध जैसे हालात बन गए हैं। इसके बाद श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने 27 अगस्त से 11 सितंबर के बीच कोलंबों में होने वाले एशिया कप और जून में ऑस्ट्रेलिया का श्रीलंका दौरा के भविष्य को लेकर एग्जीक्यूटिव काउंसिल की इमरजेंसी मीटिंग कोलंबो में बुलाई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक CLC के एक अधिकारी ने बताया कि बोर्ड अपनी निगरानी में ही एशिया कप का आयोजन दुबई में कराने का विचार कर रहा है। बैठक में इस पर मुहर लग सकती है। हालांकि एशिया कप के अध्यक्ष भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सेक्रेटरी जय शाह ने पहले ही कह चुके हैं कि अहमदाबाद में IPL के फाइनल हो जाने के बाद एशिया कप को लेकर कोई फैसला एशिया क्रिकेट काउंसिल कर सकती है। ऑस्ट्रेलिया को जून में श्रीलंका दौरे पर दो टेस्ट, 3 वनडे और 3 टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है।

# बैंगलोर ने हैदराबाद को हराकर प्लेऑफ़ की तरफ़ बढ़ाया क़दम



**मुम्बई ।** रॉयल चैलेंजर बैंगलोर ने दोपहर के आईपीएल मैच में वानिंदु हसरंगा के पांच विकेट की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद को 67 रन की करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ बैंगलोर के 12 मैच में 14 पॉइंट हो गये और टीम ने प्लेऑफ़ के लिए अपनी दावेदारी मज़बूत कर ली है। यह 11 मैचों में हैदराबाद की छठी और लगातार चौथी हार है। इसी के साथ हैदराबाद पॉइंट्स टेबल पर एक पायदान नीचे गिरकर छठे स्थान पर पहुंच गयी है। 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद की पारी 125 के स्कोर पर ही सिमट गयी। हैदराबाद के लिए राहुल त्रिपाठी ने 37 गेंदों पर 58 रन बनाये जबकि बैंगलोर के लिए हसरंगा ने चार ओवर में महज़ 18 रन देकर पांच विकेट चटके। प्लेऑफ़ में पहुंचने की उम्मीदों को ज़िंदा रखने के लिए हैदराबाद को अपने बाक़ी तीनों मैच जीतने होंगे।

पहले बल्लेबाज़ी करते हुए रॉयल चैलेंजर बैंग्लोर ने 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 192 रन बनाये। आरसीबी की ओर से ओपनिंग करने उतरे विराट कोहली खाता नहीं खोल सके और पहली गेंद पर ही आउट हो गये। इसके बावजूद बैंगलोर ने कप्तान फ़ाफ़ डू प्लेसिस (73) और रजत पाटीदार (48) की शतकीय साझेदारी की बदौलत हैदराबाद को 193 रन का लक्ष्य दिया।

# कलेक्टर ने दिये निर्देश समस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में करें निराकरण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भीम सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने जिले में गत दिनों आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों को आवेदनों के प्राथमिकता से समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रसिंह ने राशन कार्ड, बिजली, पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण पर जोर दिया। उन्होंने शासन द्वारा हाल ही में नगर निगम क्षेत्रों में शुरू की गयी मितान योजना के क्रियान्वयन की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्धारित शेड्यूल के अनुसार प्राप्त हो रहे आवेदनों के आधार पर प्रमाण-पत्र जारी कर आवेदक के घर पहुंचवाने के निर्देश दिए तथा आयुक्त नगर निगम श्री संबित मिश्रा को इस प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग के लिए कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत स्कूल, आश्रम-छात्रावास, आंगनबाड़ी तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में रनिंग वॉटर सप्लाई के कार्यों की भी समीक्षा



करते हुए शेष बचे कार्यों के लिए पीएचई द्वारा तैयार किए डीपीआर के संबंध में जानकारी ली।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों की स्क्रुटनी कर उसका निराकरण करते जाए। उन्होंने जिला अधिकारियों को उनके विकासखण्ड तथा ग्राम स्तरीय संस्थाओं के नियमित निरीक्षण करने तथा वहां कार्यों के संचालन की समीक्षा के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में ग्राम सचिवालय लगाये जायेंगे। जिसमें ग्राम स्तर के विभिन्न विभागों के कर्मचारी एक साथ एक दिन संबंधित गांव में उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्या का निराकरण करेंगे। उन्होंने राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों हेतु प्राप्त नामों के वेरीफिकेशन कर क्लब गठन की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर जनचौपाल व लोक सेवा गारंटी के तहत लंबित आवेदनों पर भी चर्चा की गयी। जिन विभागों के आवेदन लंबित मिले उनके कारणों की समीक्षा करते हुए जल्द निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मंडावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

पूर्व मंत्री बृजमोहन का दावा

### बस्तर के आदिवासियों में असंतोष, हर दिन कोई न कोई आंदोलन कर रहा, इसकी जिम्मेदार कांग्रेस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि बस्तर में अशांति का माहौल है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों में असंतोष है। हर गांव में आंदोलन हो रहे हैं। उनकी प्रशासन कुछ सुनता नहीं है। इसलिए ग्रामीण परेशान होकर पद यात्राएं कर रहे हैं। वो 500 किलोमीटर दूर पैदल चलकर रायपुर पहुंचते हैं। यहां राज्यपाल से मिलकर लौट जाते हैं। बृजमोहन ने आदिवासियों के इस हाल के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार बताया। रायपुर में अपने सरकारी आवास में उन्होंने मीडिया से बातचीत में कांग्रेस पर ये आरोप लगाए। हसदेव के जंगलों में कोयला खदान के लिए जारी जंगलों की कटाई के मामले पर बृजमोहन ने कहा कि प्राकृतिक वातावरण बिगाड़ने की कोशिश हो रही है। हम वहां आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों के साथ हैं। बृजमोहन ने इस बातचीत में आगे कहा कि किसानों को भी परेशान किया जा रहा है। वर्मी कम्पोस्ट 10 रुपए में जबरन बेचा जा रहा है। सरकार को इसमें छूट देनी चाहिए। जो वर्मी बेचा जा रहा है वो लैब टेस्टेड नहीं है। अब अगर ये लैब की जांच में अमानक निकल जाए तो क्या इसे बेचने का आदेश देने वालों पर केस दर्ज होगा। बृजमोहन ने कहा कि आने वाले दिनों में वो इन सभी मुद्दों को लेकर बड़ा आंदोलन करते हुए जनता के बीच जाएंगे।



### मोहला अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जिला पंचायत सभापति नरसिंह भंडारी के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

**राजनंदगांव ।** मोहला अनुविभागीय अधिकारी ब्लॉक कार्यालय मोहला को ज्ञापन सौंपा गया .राजनंदगांव जिला पंचायत सभापति नरसिंह भंडारी वन एवं पीएचई जल संसाधन विभाग, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनोज नेताम, हीरालाल माहला जिला किसान मोर्चा, चैत राम कोमरा, सिवरोत तारम ,रमेश नेताम ,राम भगत कुंजाम, सेवन भूआर्य, चंद्र कुमार, कृष्णा यादव सहित अन्य ने 9 मई को अनुविभागीय अधिकारी ब्लॉक कार्यालय मोहला को ज्ञापन सौंपा गया। पत्र सौंपते हुए बताया कि मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के एवज में 1000 एक हजार रुपये रिश्वत लेने बाबत ज्ञापन सौंपा गया .जिला पंचायत सदस्य नरसिंह भंडारी ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि मेरे जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम तेली टोला निवासी रमेश नेताम से तहसीलदार के बाबू नागेश देशमुख के द्वारा गरीब आदिवासी परिवार से मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के एवज में किसान से जोर जबरदस्ती अवैध रूप से गरीब आदिवासी परिवार से रिश्वत ले जाने का लिखित शिकायत हितग्राही द्वारा किया गया है अत: उक्त शिकायत का ध्यान आकृष्ट करते हुए जांच कर दोषी अधिकारी को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की गई एवं उक्त कार्यवाही पर अगर 1 सप्ताह के अंदर गरीब किसान न्याय नहीं मिला तो उग्र आंदोलन की किए जाने की चेतावनी दी गई ।

### एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए अंतिम अवसर 15 तक

**कांकेर ।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन सूची जारी की गई थी। जिन चयनित विद्यार्थियों ने प्रवेश नहीं लिया है, उन्हें अंतिम अवसर प्रदान करते हुए 15 मई तक प्रवेश दिया जायेगा। चयन सूची में शामिल विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश नहीं लेने पर प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों से प्रवेश लेने की कार्यवाही की जायेगी। निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी प्रकार के आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

### लाईवलीहुड कॉलेज जोरा में 12 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

**रायपुर ।** जिला कौशल विकास प्राधिकरण रायपुर द्वारा संकल्प परियोजना के अंतर्गत, लाईवलीहुड कॉलेज जोरा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 12 मई को सुबह11 बजे से किया जायेगा। इस प्लेंसमेंट कैंप में निजी नियोजक, गैलेक्सी द्वारा मितान फील्ड एक्जीक्यूटीव पदों पर चयन के लिये साक्षात्कार का आयोजन किया जायेगा।

## महापौर, आयुक्त का टैंकर मुक्त राजनांदगांव का दावा फेल - शिवम यादव

शहरी क्षेत्र में अति गंभीर पेयजल अव्यस्था से जूझ रहे नागरिक, व्यवस्था पटरी से उतरी

**राजनाँदगाँव ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री शिवम् यादव ने निगम प्रसाशन को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया की महापौर एवं निगम आयुक्त द्वारा जो बड़े बड़े वादे गर्मी शुरू होने से पहले किये थे उन सभी वादों का पोल गर्मी शुरू होते ही खुल चुकी है 7 केंद्र सरकार द्वारा अमृत मिशन योजना के अंतर्गत लगभग 254 करोड़ रूपये राजनाँदगाँव को जारी किये गए थे ताकि लोगो को पेयजल समस्याओ से निजात मिल सके लेकिन अभी तक शहर वासियों को पानी के एक एक बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है ।महापौर एवं निगम प्रसाशन द्वारा इस योजना को भ्रष्टाचार एवं कमीशनबाजी के भेट चढ़ा दिया गया है 7 ज्ञात हो की यह योजना 2021 के गर्मी से पहले ही पूरी हो जानी थी लेकिन आज 2022 की गर्मी भी आ गयी और काम अभी भी अधूरा है 7 इस कछुआ गति कार्य योजना से आम जनता बहुत ज्यादा त्रस्त है।

## कवर्धा में महिला को मारकर जला दिया

घर में मिला 100 फीसदी जली हुई हालत में शव; चिता बनाकर जलाने की आशंका

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा में फिर एक हत्या कर दी गई। इस बार एक महिला का शव मंगलवार को उसके ही घर में 100 फीसदी जली हुई हालत में मिला है। आशंका है महिला को मारकर जलाया गया है। उसे जलाने के लिए घर में चिता भी बनाए जाने की आशंका दिखाई दे रही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। फॉरेंसिक टीम का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला कुकदूर थाना क्षेत्र



का है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम दैहानटोना निवासी एक मकान से मंगलवार दोपहर आग की लपटें निकलती देख पड़ोसियों ने पुलिस को कॉल किया। मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड पहुंचे तो दरवाजा बाहर से बंद था। आग पर काबू होने के बाद पुलिस अंदर घुसी तो देखा कि सारा सामान जलकर राख हो चुका था। वहीं बरामदे में एक शव पड़ा था। जिसे सखीना मेरावी (45) का बताया जा रहा है। मकान भी सखीना का था और वह अकेले ही वहां रहती थी। घटना स्थल पर सारा सामान जलकर राख हो चुका था। महिला का शव भी 100 फीसदी जल गया था। मौके को देखकर ऐसा लग रहा है कि जैसे चिता बना कर महिला को जलाया गया है। फिलहाल मौके पर पुलिस टीम मौजूद है।

# अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ के नाम को रोशन करने वाले अभिनेता अखिलेश पांडे को स्पेशल कैटेगरी अवार्ड से हुए सम्मानित

(छत्तीसगढ़ उजाला)

**बिलासपुर ।** बिलासपुर की धरती पर छत्तीसगढ़ी फिल्मों का सबसे बड़ा अवार्ड शो आयोजित किया गया ,बिलासा छालीवुड अवॉर्ड शो मे राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ के नाम को रोशन करने वाले अभिनेता अखिलेश पांडे को स्पेशल कैटेगरी अवार्ड से सम्मानित किया गया इस दौरान जब हमने अभिनेता अखिलेश पांडे से बात की तब उन्होंने बताया कि यह छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा अवॉर्ड शो है जो इतने बड़े स्तर पर आयोजित किया गया इस आयोजन में संपूर्ण छत्तीसगढ़ के कलाकार उपस्थित रहे और सभी ने अपनी सहभागिता दिखाई इसके अलावा बिलासपुर के विधायक शैलेश पांडे भूतपूर्व मंत्री अमर अग्रवाल भूतपूर्व




राजभाषा आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर विनय पाठक डॉक्टर आरती पांडे डॉ अभिराम शर्मा डॉक्टर अरुण पटनायक किरण सिंह सत्येंद्र खुटे राजेश साहू भी इस अवॉर्ड शो में उपस्थित रहे इस आयोजन को लेकर अभिनेता अखिलेश पांडे ने बिलासपुर सीने एसोसिएशन के आयोजन करता सुनील सागर, अजय खांडेकर, संजय यादव भीखम साव, आंचल गोस्वामी, समीर चंद्रा, मनीषा वर्मा, विवेक दुबे, दरस विश्वकर्मा, परमानंद वैष्णव, जेपी विश्वकर्मा, डीपी विश्वकर्मा, अशोक साहू, आनंद श्रीवास, श्री पांडे, गायत्री सिंह, आराध्या सिन्हा, सोनल अग्रवाल, आरसी गुप्ता, हरीश नागदौने, सन्निधि राव, विजेता मिश्रा, विवेक चंद्रा, जॉनी आनंद तांबे, सुनील दत्त मिश्रा, सोनू महंत, पीके शर्मा को विशेष तौर पर बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजनों से कलाकारों के हौसले बढ़ते हैं और ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए इस दौरान अखिलेश की आने वाली हिंदी फिल्म मैरिज मे धमाल का पोस्टर भी लॉन्च किया गया और फिल्म के निर्माता आरसी गुप्ता ने फिल्म के बारे में लोगों को बताया की फिल्म का जोनर क्या है अभिनेता अखिलेश पांडे को उनकी हिंदी फिल्म राम प्रसाद बिस्मिल ,घर चलो ना पापा, कठोर व शॉर्ट फिल्म द लेंस के लिए विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। आपको बता दें की अखिलेश ने दो विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं इसके अलावा उनकी फिल्मों ने विदेशों में भी अवार्ड जीता है और वह छत्तीसगढ़ के नाम को ना सिर्फ देश में बल्कि विदेशों में भी लगातार रोशन कर रहे हैं और उनके इन्हीं उपलब्धियों की वजह से उन्हें स्पेशल कैटेगरी अवार्ड से सम्मानित किया गया है, इस अवार्ड शो की भव्यता के चर्चे पूरे छत्तीसगढ़ में हो रहे हैं और सभी फिल्मी पंडितों ने इस अवॉर्ड शो को एक नई शुरुआत बताया है और कहा है कि ऐसा अवॉर्ड शो इससे पहले छत्तीसगढ़ की धरती पर कभी नहीं हुआ आपको बता दें कि बेस्ट फिल्म का अवार्ड एक और लव स्टोरी बेस्ट हीरो का अवार्ड मन कुरैशी बेस्ट हीरोइन का अवार्ड मुस्कान साहू व बेस्ट विलेन का अवार्ड अजय पटेल बेस्ट चरित्र अभिनेता डॉ अजय सहाय बेस्ट चरित्र अभिनेत्री उपासना वैष्णव को गया है।

# छत्तीसगढ़ पुलिस ने 3 नक्सलियों को किया गिरफ्तार

CRPF कैंप पर हमले में थे शामिल

**रायपुर।** नक्सलियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये नक्सलियों पर आरोप है कि वो सभी पिछले महीने सीआरपीएफ की टीम पर हुए हमले में शामिल थे। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि सभी नक्सलियों को बीजापुर जिले से पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि नक्सली संगठन के तीन सदस्यों को मंगलवार शाम को पाम्ज पुलिस स्टेशन के अंतर्गत पड़ने वाले



ईमपुर गांव में स्थित जंगलों से पकड़ा गया है। यहां कोबरा की 204वीं बटालियन और सीआरपीएफ की टीम ने नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन चला रखा है।

तीनों गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान 30 साल के माडवी भीमा, 27 साल के माडवी नंदा और 25 साल के मडकाम कोसा के तौर पर हुई है। यह सभी पामेड इलाके के पेड्डा धर्मावरम गांव के रहे वाले थे। यह जगह राजधानी रायपुर से करीब 450 किलोमीटर दूर है।

पुलिस ने बताया है कि यह तीनों 24 अप्रैल को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की टीम पर हुए हमले में शामिल ते। यह हमला धर्मावरम कैंप पर इसी साल हुआ था। हालांकि, इस घटना में किसी भी सुरक्षा बल को कोई नकुसान नहीं पहुंचा था।

# पानी के लिए कोयला खदान का काम ठप्प कराया भूविस्थापितों ने

SECL के खनन से गर्मी में सूख जाता है पूरा गांव




छत्तीसगढ़ उजाला

कोरबा। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड SECL की सबसे बड़ी गेवरा कोयला खदान में आज सुबह पास के दो गांवों के भूविस्थापित घुस आये और पानी की मांग को लेकर यहां हो रहे खुदाई के काम को ठप्प कर दिया।

छत्तीसगढ़ किसान सभा के बैनर तले इन ग्रामीणों ने यह आंदोलन शुरू करने से पहले SECL को अल्टीमेटम भी दिया मगर गांव तक पानी नहीं पहुँच सका।

### हर वर्ष टैंकर से पहुँचता है पानी

कोरबा जिले में SECL की अनेक कोयला खदानों की वजह से आसपास के गांवों का भूजल स्तर नीचे चला गया है। यही वजह है कि इन गांवों में हर वर्ष गर्मी के दिनों में SECL प्रबंधन ठेके पर पेयजल की आपूर्ति करवाता है। प्रबंधन द्वारा हर टैंकर के माध्यम से गांवों में पानी पहुँचाया जाता है, मगर इस बार ठेका जारी होने के 15 दिन बीत जाने के बावजूद ठेकेदार द्वारा बरभाठा और पंडरीपानी नामक गांवों में पानी नहीं पहुंचाया जा रहा है। इससे इन गांवों में पानी के लिए हाहाकार मच गया है। यही वजह है कि परेशान ग्रामीणों ने सीधे खदान में धावा बोल दिया और ओवरबर्डन की खुदाई के काम को ठप्प कर दिया है। इससे यहां लगाई गई ड्रिल मशीनों और दूसरी गाड़ियों का काम बंद हो गया है।

छत्तीसगढ़ किसान सभा के प्रमुख प्रशांत झा ने आरोप लगाया कि SECL प्रबंधन जिन ग्रामीणों की जमीन पर कोयला खदान शुरू करता है, उन ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करना भी प्रबंधन भूल जाता है। ग्रामीण पेयजल के लिए परेशान हैं क्योंकि गांव के पूरे जलश्रोत सूख गए हैं।

ग्रामीणों द्वारा यहां पानी के लिए खदान का काम ठप्प कर दिए जाने से हड़बड़ाए अधिकारियों ने खदान स्थल पर पहुँच कर बातचीत शुरू की और मौके पर ही ठेकेदार को बुलवाया। यहां ठेकेदार दलील देता रहा कि वह तो रोज गांव में पानी पहुँचा रहा है, मगर गांव वालो ने उसकी बातों को झूठा करार दिया। यहां मौजूद अधिकारी ने भी पाया कि ठेकेदार ने गांव में पानी की आपूर्ति ही नहीं की है। बहरहाल अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि गांव में तत्काल पानी के टैंकर पहुँचाया जायेगा।

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना में पंजीयन के लिए किसानो से की जा रही अपील

19 हजार नौ सौ से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

**कोरबा ।** जिले में फसल उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा किसानों के हित में राजीव गांधी किसान न्याय योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना का लाभ लेने के लिए अधिक से अधिक किसानो का पंजीयन कराने के लिए किसानो को जागरूक किया जा रहा है। विभाग के द्वारा मैदानी स्तर पर पंजीयन तथा योजना के क्रियान्वयन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। योजना से किसानो को शतप्रतिशत लाभांन्वित करने प्रचार-प्रसार अभियान के अंतर्गत गोष्ठी, कृषि पखवाडा प्रशिक्षण, दिवारो पर नारे लेखन, साहित्य लेखन आदि कार्य किये जा रहे है। जिले में वर्ष 2021-22 में धान के साथ अन्य फसलों के लिए 18 हजार पांच सौ से अधिक किसानों ने तथा धान के बदले अन्य फसलों के लिए कुल एक हजार तीन सौ से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है। इस प्रकार योजना का लाभ लेने कुल 19 हजार नौ सौ से अधिक किसानो ने पंजीयन कराया है। किसानो को पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे ऋण पुस्तिका, बी-1, आधार नंबर, बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना होगा। राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत शासन द्वारा किसानों के पंजीयन के लिए ग्रामीण कृषि तथा उद्यानिकी विस्तार अधिकारी द्वारा प्रचार-प्रसार कर पंजीयन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# भूपदेवपुर थानाक्षेत्र के ग्राम कोंडतराई में पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना का जनदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आज थाना भूपदेवपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोंडतराई हाई स्कूल परिसर में पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना का जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पूर्व थाना प्रभारी भूपदेवपुर द्वारा आसपास के सभी गांव में मुनादी कर जनदर्शन की जानकारी दी गई थी।






कार्यक्रम में खरसिया अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निमिषा पांडे द्वारा उपस्थित लोगों को साइबर फ्रॉड के संबंध में जानकारी देकर उनसे बचाव के उपाय व सावधानियां बताई। महिलाओं को घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, अभिव्यक्ति मोबाइल ऐप के बारे में बताया गया व विधिक सहायता की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक के अगमन पर उनके स्वागत पश्चात टीआई भूपदेवपुर अमित शुक्ला द्वारा कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ी भाषा में करते हुए ग्रामवासियों को पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपनी समस्याएं परेशानी लिखित व मौखिक शिकायतें प्रस्तुत करने कहा गया। उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना द्वारा उनसे पुलिस विभाग व अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं, सुझाव सामने लाने कहा गया जिस पर वार्ड क्रमांक 6 व 7 के रहवासी नाली निकासी को लेकर समस्या बताएं पुलिस अधीक्षक द्वारा टीआई भूपदेवपुर को मौके पर जाकर संबंधित विभाग के माध्यम से समस्या दुरुस्त करने कहा गया। चौपाल में एक महिला द्वारा उसके गांव में आंगनबाड़ी नहीं होना बताई और लिखित आवेदन प्रस्तुत की जिसे पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके आवेदन को जिला पंचायत की ओर अग्रेषित कर उचित कार्यवाही कराना बताएं। चौपाल में एक महिला मौखिक शिकायत उसके पति के विरूद्ध कि महिला बताई कि उसका पति मारपीट करता है वह एफआईआर दर्ज नहीं कराना चाहती, केवल पुलिस उसके पति को समझाइश दें जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी को उसके पति को तलब की समझाइश देने तथा समझाइश पर भी बात नहीं बनने से काउंसलिंग कराने का निर्देश दिए। चौपाल में एक महिला अपने चाचा ससुर पर मनरेगा में कार्य के मेहनताना रुपए को नहीं देने की शिकायत की, शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी भूपदेवपुर को संबंधित कार्य के समस्त रिकॉर्ड चेक कर महिला का मेहनताना रुपए लौटाने में आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक बताए कि क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग के साथ ही पुलिसकर्मी बीट अधिकारी के रूप में मौजूद हैं, डायल 112 सक्रिय है किसी प्रकार की पुलिस सहायता की आवश्यकता हो तो इन हेल्पलाइन के अलावा पुलिस कंट्रोल रूम, पुलिस अधिकारियों के नंबर उपलब्ध है इन नंबरों पर सहायता ले सकते हैं या सूचना दे सकते हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनदर्शन का उद्देश्य बताते हुए बताए कि पुलिस के इस प्रकार के आयोजन से आमजन व पुलिस के बीच दूरी कम होती है वैसे अक्सर क्षेत्र के लोग शिकायत, समस्या लेकर पुलिस कार्यालय आते हैं किंतु ऐसे कार्यक्रमों में आप बेझिझक अपनी बात रखें। पुलिस अधीक्षक द्वारा चौपाल में कहा गया कि यदि किसी को गोपनीय तौर पर अपनी शिकायत करना चाहे तो उनके लिए उन्होंने अपना व्हाट्सएप नंबर उन्हें साझा किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अंत में चौपाल में उपस्थित जन समूह को नशाखोरी, जुआ, शराब जैसे समाजिक बुराईयों से दूर रहने वर्तमान में हो रहे ऑनलाइन फ्रॉड पर सर्तकता बरतते हुए सावधान रहने एवं सड़क दुर्घटना को रोकने यातायात नियमों का पालन करने कहा गया है। पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी खरसिया, थाना प्रभारी भूपदेवपुर व उनके स्टाफ के साथ चौपाल में जिला पंचायत सदस्य दिलीप पटेल, अवध पटेल गणमान्य नागरिक में घनश्याम पटेल, छेदीलाल सरपंच तथा क्षेत्र के काफी संख्या में महिला-पुरूष की उपस्थित रही।

कार्यक्रम पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम चपले में बनाए जा रहे पुलिस सहायता केंद्र का निरीक्षण किया गया। ग्राम चपले में पुलिस सहायता केंद्र एनएच पर हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से बनाया गया है जिसमें यातायात के लिये स्टाफ मौजूद रहेंगे जो हाईवे पर पेट्रोलिंग कर तेज गति से चलने वाले वाहनों तथा सड़क पर खतरनाक तरीके से खड़ी करने वाले वाहन चालकों पर निगाह रखकर कार्यवाही करेंगे साथ ही दुर्घटनाओं में आहतों की हर संभव मदद के लिए उपस्थित रहेंगे। शीघ्र ही पुलिस सहायता केंद्र चपले का शुभारंभ किया जावेगा।

## एक नजर

### खेल अकादमी बिलासपुर हेतु एथलेटिक्स एवं कबड्डी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 15 से 20 मई तक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र, बहतराई, बिलासपुर में एथलेटिक्स (बालक/बालिका)एवं कबड्डी बालिका खिलाड़ियों के लिए खेल अकादमी (आवासीय)प्रारंभ की जाएगी। जिसमें एथलेटिक्स में 25 बालक एवं 25 बालिका तथा कबड्डी में 30 बालिका खिलाड़ियों का चयन अंतिम रूप से किया जाना है। जिसके जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन रायगढ़ स्टेडियम में 15 से 20 मई 2022 के मध्य आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय चयन ट्रायल के माध्यम से चयनित खिलाड़ियों का चयन कर, राज्य स्तरीय चयन ट्रायल हेतु भेजा जाएगा। खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के अनुरूप प्रतिभागियों का बैटरी टेस्ट एवं खेल के आधार पर कौशल टेस्ट लिया जाएगा। चयन ट्रायल हेतु खिलाड़ियों की आयु 1 अप्रैल 2022 की स्थिति में 13 से 17 वर्ष होना अनिवार्य है। बिलासपुर अकादमी में प्रवेश हेतु ऐसे खिलाड़ी जो एथलेटिक्स एवं कबड्डी में रूचि रखते है तथा बिलासपुर में नियमित रूप से रहकर खेल प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते है। वे चयन प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते है। जिले के ऐसे खिलाड़ी बालक-बालिकाएं जो बिलासपुर की खेल अकादमी में प्रवेश लेने के इच्छुक है वे अपना नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, पूर्ण पता, मोबाइल नंबर खेल का नाम अपने अभिभावक का सहमति पत्र की जानकारी के साथ सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रायगढ़ में पंजीयन करा सकते है।

### भगवान को जानना केवल उनकी कृपा से ही संभव: गोपिकेश्वरी देवी

**भिलाई** । दुर्गा मंदिर परिसर एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा में चल रहे दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन के चौथे दिन सुप्रसिद्ध भागवत प्रवचनकर्ता सुश्री गोपिकेश्वरी देवी ने आगे बताया कि भगवान को जानना केवल उनकी कृपा से ही संभव है। अर्थात् वो भगवान जिस जीव पर अपनी कृपा कर दे वही उनको जान सकता है। फिर एक प्रश्न आया, कि यदि भगवान की कृपा से ही हम भगवान को जानेंगे तो हम जीवों पर अब तक भगवान की कृपा क्यों नहीं हुई? अनन्त संतों पर भगवान की कृपा हो गई, उन्होंने भगवान को जान लिया और हम जीव अभी तक उनकी कृपा से वंचित है ,क्यों? तो इसका उत्तर देते हुए उन्होंने बताया कि भगवान की कृपा को पाने की एक शर्त है।

# जिला क्रिकेट की शानदार सफलता

## सचिन और आशीष का चयन स्टेट कंबाइंड टीम में

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।







जिला क्रिकेट संघ के अंडर 23 के दो खिलाड़ियों का चयन स्टेट कंबाइंड टीम के लिए किया गया है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचंद्र शर्मा ने बताया कि पिछले सप्ताह जिले की अंडर 23 टीम प्लेट ग्रुप मैचेज खेलने गई थी। जहां दुर्ग में जिले की टीम ने तीन में से दो मैच शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की और जशपुर तथा कवर्धा को हराया ए इसमें कप्तान सचिन चौहान और आशीष ओझा के शानदार प्रदर्शन करने पर स्टेट कंबाइंड टीम में चयन किया गया है। इसके लिए उनको एलिट ग्रुप में शामिल किया गया है। इसके लिए वो 10 मई 22 को राजधानी के लिए रवाना होंगे। दोनों के अलावा कृष मैत्री को भी स्टैंड बाय में चयन किया गया है। इनके चयन पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष संतीष पांडे और सचिव रामचन्द्र शर्मा, किशोर पटनायक, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, आशीष शर्मा, महेन्द्र साव, राजा गोरख, महेश दधिची, एम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, प्रवीण शराफ , अभिषेक गुप्ता, रवि सिंह, शानू भयानी, अमित कुंवर आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि पूर्व में भी सचिन चौहान का चयन अंडर 23 टीम के एलिट ग्रुप हेतु हो चुका है।

# लालच में आकर शाखा का फील्ड अफसर चोरी को दिया अंजाम, पुलिस को गुमराह करने बिलासपुर हुआ फरार

* शाखा के पीछे जमीन पर गड्ढा खोद दबा दिया था रूपये, पुलिस ने की बरामद

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।




पुलिस टीम आरोपी को बिलासपुर में की गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के कुशल दिशा निर्देशन तथा ओएसडी पुलिस राजेश कुकरेजा के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन पर सारंगढ़ पुलिस द्वारा टिमरलगा के फाईनेंशियल कम्पनी से चोरी हुए 8,23,000 को तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर पूरे रकम की बरामदगी किया है। आरोपी कंपनी में कार्यरत फ ील्ड अफ सर बड़ी चालाकी से रूपयों की चोरी कर पूरे रकम को आफिस के पीछे गड्ढे में दबाकर स्वयं बिलासपुर चला गया ताकि किसी को संदेह न हो। मामले में एडिशनल एसपी लखन पटले व सुपरविजन अधिकारी एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल से मिले महत्वपूर्ण दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी सारंगढ़ विवेक पाटले द्वारा गवाहों से पूछताछ कर मौके पर उपलब्ध साक्ष्यों को जोड़ते हुए आरोपी का पता लगा लिये। पुलिस की एक टीम आरोपी को बिलासपुर से हिरासत में लेकर सारंगढ़ लाया गया। जिसके बाद पूरे रकम की बरामदगी की गई है। आरोपी को आज नकबजनी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया।

## 17 विशेषज्ञ डॉक्टरों की हो रही है भर्ती, डेढ़ से दो लाख रुपये मिलेगी सैलरी

इच्छुक चिकित्सक कर सकते हआवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ीकरण के लिए जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सिविल अस्पताल में 17 विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पदों पर जिला प्रशासन द्वारा संविदा नियुक्ति की जा रही है। जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ के 5 पद, शिशु रोग विशेषज्ञ के 7 पद, एनेस्थिसिया विशेषज्ञ के 4 व मेडीसीन स्पेशलस्टि का 1 पद शामिल है। नियुक्ति हेतु ईमेल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित कर वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किए जायेंगे। इन पदों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों को मासिक वेतन 1.50 लाख से 2 लाख के बीच दिया जाएगा। इच्छुक डॉक्टर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ में ई-मेल raigarhcmho@gmail.com के माध्यम से भेज सकते है। प्राप्त आवेदनों की छटनी पश्चात वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। विज्ञापन से संबंधित समस्त दिशा-निर्देश जिले के वेबसाइट www.raigarh.gov.in में उपलब्ध है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल व सीएचसी के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ के 1 पद, शिशु रोग विशेषज्ञ के 1 पद, मेडीसीन स्पेशलस्टि 1 पद तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धरमजयगढ़ कापू में शिशु रोग विशेषज्ञ के 1 पद, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा में स्त्री रोग विशेषज्ञ के 1 पद, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सारंगढ़ में शिशु रोग विशेषज्ञ व एनेस्थिसिया के एक-एक पद, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लैलूंगा में शिशु रोग विशेषज्ञ के एक पद, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरमकेला में स्त्री रोग विशेषज्ञ के एक पद, शिशु रोग विशेषज्ञ के एक व एनेस्थिसिया के एक पद, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर में शिशु रोग विशेषज्ञ के एक पद, रायगढ़ अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग में स्त्री रोग विशेषज्ञ व एनेस्थिसिया के एक-एक पद, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमनार में स्त्री रोग, शिशु रोग व एनेस्थिसिया के एक-एक पद शामिल है।

## युवक कांग्रेस चुनाव को लेकर युवाओं में दिख रहा उत्साह

**सूरजपुर ।** युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए 3 दावेदार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। चुनाव में प्रेमनगर व भटगांव विधानसभा क्षेत्र शामिल है।जिलाध्यक्ष पद के लिए नरेंद्र यादव, अविनाश यादव, अभिषेक सिंह सोमू के मध्य कांटे का मुकाबला होने की उम्मीद है। वहीं शेष को क्रमवार पद दिया जाएगा। इसी तरह प्रेमनगर और भटगांव विधानसभा क्षेत्र में भी युवक कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी जमकर की गई है।

# बहुरूपिये कालनेमी राक्षस की तर्ज पर भुपेश सरकार के कृत्य से जनता कर रही त्राहीमाम -ओपी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

ग्राम भेड़वन में कुशाभाऊ ठाकरे जन शताब्दी के तहत चल रहे कार्य विस्तार योजना के तहत ग्राम भेड़वन में आज जन चौपाल लगी, जिसमें भाजपा नेता ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़िया शैली में धारा प्रवाह आरोप लगाते हुए भुपेश सरकार की कार्यप्रणाली को संदेह के कटघरे में खड़ा किया। ओपी ने कहा भाजपा विपक्ष धर्म को पूरी शिद्दत से निभा रही है। भुपेश छत्तीसगढ़िया राजनीति को लेकर भी ओपी ने जनता के सामने पक्ष रखा।



छत्तीसगाढ़िया लोगों को सबसे अधिक ठगने का काम भी भुपेश सरकार ने किया है। 1956 में मध्यप्रदेश गठन के निर्माण की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा की रमन सरकार के 15 वर्षो की सरकार व मध्य प्रदेश के दौरान पटवा सरकार को छोड़कर अधिकांश समय कांग्रेस की सरकार मध्यप्रदेश में काबिज रही। उस दौरान कोरबा की बस्तर का लोहा कोयला देश के अन्य हिस्सों में भेजा जाता था। छग की धरती में छिपे इस खजाने का लाभ स्थानीय छत्तीसगढ़ी भाई बहनों को नहीं मिला। केंद्र व राज्य की कांग्रेस सरकारों के दौरान छग में अंतहीन शोषण की परिपाटी का जन्म हुआ। इस शोषण के अध्याय से मुक्त कराने का काम स्वर्गीय अटल बिहारी की भाजपा सरकार ने किया। 1 नवंबर 2000 से हर छत्तीसगढ़ वासी को शोषण की दास्तां से मुक्त कराने का कार्य को भारतीय जनता पार्टी ने किया है। ओपी ने कहा कि सबसे अधिक समय तक सरकार रहने के बावजूद कांग्रेस ने छग को पृथक नहीं किया। यही कांग्रेस का शोषण था। सही मायने में हर छत्तीसगाढ़िया के हक को स्थाई रूप से सुरक्षित करने का काम हमारी पार्टी ने किया है। ओपी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगाढ़िये के खून पसीने की कमाई अन्य प्रदेशों के चुनाव प्रचार में खर्च की जा रही है। मुख्यमंत्री पद हेतु ढाई ढाई साल बटवारे के फार्मूले को लेकर चले सत्ता संघर्ष से हर छत्तीसगढ़ी की भावना आहत हुई है। भाजपा के पंद्रह वर्षो के बाद कांग्रेस ने स्वहित के लिए अपने राज में केवल ट्रांसफ र उद्योग को विकसित किया है। अधिकारियों को लक्ष्य दिया जा रहा है। चारो तरफ लूट मची हुई है। सरकार की कमान माफियाओं के हाथ होने का गंभीर आरोप लगाते हुये ओपी ने कहा शराब माफिया कोल माफिया के ईशारे पर सरकार चल रही है।11 लाख गरीबों को प्रधान मंत्री आवास से वंचित होने की जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र ने अपने हिस्से की 60 प्रतिशत राशि दे दी है लेकिन राज्य ने गरीबों के आवास के लिये अपने हिस्से का 40 प्रतिशत देने से इंकार कर दिया। इसी तरह पूरे देश में कही भी 5 लाख रुपये के राशि के इलाज हेतु बीमा सुविधा व्यवस्था का लाभ से भी प्रदेश की जनता वंचित है। बिजली बिल हाफ करने का वादा भुपेश सरकार बिजली गोल करके निभा रही है। बिजली बिल आधा नहीं हुआ लेकिन बिजली आधी हो गई। भुपेश सरकार ने संकल्प पत्र के जरिये झूठ बोलने का काम किया है। ऐसा कोई सगा नहीं जिसे कांग्रेस ने ठगा नहीं। कोरोना काल के दौरान दवाईयां नहीं मिली लेकिन सरकार घर-घर शराब उपलब्ध कराती रही। हर महीने बेरोजगारी को भत्ता देने वाली सरकार अपने वादे से मुकर रही। युवा बेरोजगारों का एक लाख रुपये बकाया हो गया है। पीएससी की परीक्षाओं में जमकर भ्रष्टाचार चल रहा है। पुलिस भर्ती शिक्षक भर्ती में जमकर घोटाला किया जा रहा। बुजुर्गों को वादे अनुरूप पेंशन नहीं दे रही है। यूरिया की कालाबाजारी से किसानों के स्वाभिमान को चोट पहुंचाने का पाप भुपेश सरकार कर रही है। 2 रुपये में गोबर खरीद कर मिट्टी मिलाकर वर्मी कम्पोज़ बनाया जा रहा। इसे 10 रुपये में किसानों को जबरिया बेचा रहा। खाद नहीं लेने पर किसानों को मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है। गोबर खाद नहीं लेने पर यूरिया खाद नहीं दिया जा रहा। पंचायत सहायक, रोजगार मित्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन सभी को नियमीत करने का वादा किया भुपेश सरकार ने किया। पूरे प्रदेश की जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है इस सरकार की तुलना बहुरूपिया कालनेमी राक्षस से करते हुए कहा कि यह सरकार रूप बदलकर जनता के सामने हितैषी बन रही लेकिन अंदर-अंदर जनता को भ्रमित कर रही है एक हाथ से देना और दोनो हाथों से लूटना भुपेश सरकार की नियति बन गई है। प्रदेश में सभी तरफ की सड़के बर्बाद हो गई। प्रदेश की जनता को कर्ज में डुबाने वाली इस सरकार के बारे में खुलासा करते हुए ओपी ने कहा कि यह कर्ज हर छत्तीसगाढ़िया को चुकाना होगा। अपने जीवन के संघर्ष का अनुभव साझा करते हुए ओपी ने कहा बचपन से पिता का साया सर से उठ गया था। माता चौथी क्लास तक शिक्षा ग्रहण की थी। बचपन से मुझे संघर्षों से जीने की प्रेरणा मिली। गरीब और गरीबी का एहसास मुझे करीब से रहा। पिता शिक्षक थे उनकी मृत्यु के बाद अनुकम्पा नियुक्ति का प्रावधान था लेकिन मां ने इसका चयन करने की बजाय पढ़ते रहने को कहा स मां ने कहा कुछ बड़ा करके दिखाना है। कड़ी मेहनत के जरिये कम उम्र में छग का प्रथम कलेक्टर बनने का गौरव हासिल हुआ। राजनीति से परे ओपी में माताओं से बच्चों को पढ़ाने की गुहार लगाई खासकर बेटियों को पढ़ाने पर भी जोर दिया। अपनी पत्नी अदिति के डॉक्टर होने की जानकारी देते हुये बताया कि उसने यूपीएससी की परीक्षा भी दी ओर रेलवे में क्लास वन अफसर बनी, कलेक्टर छोड़ राजनीति करने की बात भी कही। कई लोग पूछते है कि इतनी कम उम्र में कलेक्टर की नौकरी क्यों छोड़ी। एक ओपी चौधरी कलेक्टर बना तो एक गांव का भी भला नहीं हो पाया लेकिन जब गांव-गांव से एसपी कलेक्टर डॉक्टर इंजीनियर बनेंगे तब छग का नाम पूरे देश विदेश में होगा बड़े कार्यों व उद्देश्यों को राजनीति के जरिये पूरा करना सम्भव है। इसलिए कठिन होने के बाद भी राजनीति की राह का चयन किया। ओपी ने ठोस दावा करते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा ही देश को आगे बढ़ाने का काम बखूबी से कर सकती है। छग में भी सर्वहारा वर्ग का विकास भाजपा के माध्यम से ही हो सकता है। 8 जनवरी 1968 से लगातार रामायण गोष्ठी का आयोजन करने वाले अखिल भारतीय मानस प्रचार समिति भेड़वन के कार्यो की मुक्त हृदय से प्रशंसा की।

2032 संवत से अविरल प्रभात फेरी का पुनीत कार्य जारी है 15 सालों से महिलाओं द्वारा जारी रामायण गोष्ठी की सराहना भी की। ओपी ने कहा कि ये वो दौर था जब कांग्रेस पूरी ताकत से धर्मान्तरण में लगी थी और आप सभी धर्म बचाने में जुटे हुए थे धर्मांतरण की आंधी पर रोक को आवश्यक बताया मानस मंच के माध्यम से धर्म को बचाने का काम हो रहा है। धर्म बचेगा तो देश भी सुरक्षित रहेगा। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता व कार्यकर्ता सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

# छाल खुली खदान धूल चौक में त्रिपुरा रायफल के जवानों की दादागिरी

## विरोध में पहुंचे क्षेत्रिय नेता नवल राठिया

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

आपको बता दें कि छाल खुली खदान के सुरक्षा के लिए त्रिपुरा रायफल के जवानों को तैनात किया गया है। खदान में एंट्री गेट के पास मुख्य सड़क जाम हो जाता है जो कि नेशनल हाइवे है।

जाम को हटाने के लिए त्रिपुरा रायफल के जवान बेचारे गरीब ड्राईवरों को लाठी डंडे से मार-मार कर गाड़ी साइड लगवाते हैं साथ में आम जनताओं पर भी हाथ उठा देते हैं जो सरासर गुंडा गर्दी है। 10 मई को अनूप रोड लाइन के ड्राइवर को जब लाठी से मार रहे थे तभी उनके स्टाफ ने रोकना चाहा और पूछा क्यों बेवजह मार रहे हो। तो त्रिपुरा रायफल के एक जवान ने बीच बचाव करने वाले पर भी हाथ उठाया जिससे ड्राइवर और स्टाफ के हाथ व पैर में फैक्चर हो गया। नवल राठिया ने कहा कि सड़क एसईसीएल की नहीं हमारी पब्लिक प्रोपर्टी है उनके वजह से हम आम जनताओं को तकलीफ होती है। राठिया ने कहा कि एसईसीएल ने त्रिपुरा राइफल वालों को यहां ड्यूटी करने के लिए नहीं गुंडागर्दी करने के लिए बुलाया है। त्रिपुरा रायफल के मेन हेड ने माफी मांगते हुए आपसी समझौते से मामला शांत हुआ। और वही नवल राठिया ने उनको और एसईसीएल प्रबंधन को साफ चेतावनी दी है कि अगर आपके वजह से आम जनता को तकलीफ हुई और किसी ड्राइवर पर हाथ छोड़ा तो उनके कैम्प के सामने बैठ कर उनका राशन तक अंदर जाने नहीं दूंगा। और एडु बाजार के दिन राशन तक लेने नहीं दूंगा। फिलहाल मामला त्रिपुरा के हेड चीफ व स्टाफ के माफी मांगने के बाद मामला शांत हुआ। आज के बाद ऐसी शिकायत नहीं आएगी कह कर आश्वासन पर जाम हटाया गया।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर



## चरित्र शंका पर पत्नी की पिटाई, थाने में मामला दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




चरित्र शंका पर पत्नी की पिटाई करने वाले पति के खिलाफ धरमजयगढ़ थाना में मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता की मां ने धरमजयगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता की मां ने बताया की उसकी बेटी तुलसी बाई यादव की शादी ग्राम जमाबीरा के मित्रुधन यादव के साथ 7-8 वर्ष पूर्व सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ था। वैवाहिक जीवन में दोनों के 3 बच्चे हैं। लगभग 2 वर्ष पूर्व से दामाद मित्रुधन यादव अपनी पत्नी तुलसी को दूसरे मर्द के साथ चरित्रशंका करता है। और लड़ाई झगड़ा कर मारपीट करते आ रहा है। तुलसी अपनी मां को सब बात को बताती थी। लेकिन बेटी दामाद है आज नहीं तो कल समझ जायेंगे कहकर रिपोर्ट नहीं करती थी। लेकिन 10 मई 22 के रात को मेरी तुलसी ने फोन कर बताई कि उसका पति मित्रुधन यादव चरित्रशंका को लेकर गंदी-गंदी मां बहन की गली गलौज करने लगा। वहीं आज तुझे जान से मार दूंगा कहते हुये लकड़ी के पिढहा से सिर में मार दिया है। जिससे सिर में चोट लगकर खून निकला है। वहीं लड़के के मां बाप बीच बचाव किए हैं। घटना की जानकारी पीड़िता ने अपने मां को दी, तब रात को अपने बेटी को जमाबीरा लेने गए। जहां देखे की तुलसी बाई के सिर से खून निकल रहा था। मैं एम्बुलेंस को बुलाकर ईलाज हेतु सीएचसी धरमजयगढ़ में भर्ती कराया। जहां उड़की ईलाज जारी है। पुलिस आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 बी के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

## सरिया नाला के उपर जंगल में दीन दहाड़े नजर आया एक नर दंतैल हाथी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ क्षेत्र के सरिया नाला के उपर मुख्य मार्ग किनारे दिन दहाड़े एक नर दंतैल हाथी को विचरण करते हुए देखा गया है बताया जा रहा है उक्त हाथी सड़क के किनारे मौजूद था और आकामक मुद्रा में था आने जाने वाले राहगीरों पर हमलावर था जानकारी के मुताबिक उसी दौरान नर हाथी मोटरसायकल से जा रहे एक राहगीर पर हमलावर हुआ था। लिहाजा जैसे-तैसे करके बड़ी मुश्किल से मोटरसायकल सवार राहगीर वापस भागकर जान बचाया है। जैसे ही इस घटना क्रम की जानकारी संबंधित वनकर्मी व हाथी मित्र दल को हुई उसके तुरंत बाद वे मौके पर पहुंच गए लेकिन आपको बता दें तब तक हाथी 368 कक्ष क्रमांक जंगल से सड़क पार 367 में जा चुका था लिहाजा सुरक्षा की दृष्टि से हाथी का मुआयना कर संबंधित प्रभावित क्षेत्रों में हाथी आमद की जानकारी दी जा रही है ताकि किसी भी सख्स की हाथी से मुठभेड़ न हो और लोग सुरक्षित रहे। विदित हो कि यह वही जगह है जहां कल शाम 11 हांथियों का दल सड़क पार कर जंगल की ओर गए थे और आज फिर से एकड़ा नर हाथी को सड़क किनारे विचरण करते हुए देखा गया है जो भारी आक्रामक मूड में था फिलहाल संबंधित वन कर्मचारी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपनी ड्यूटी पर तैनात है।

## मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री की आपसी लड़ाई का नुकसान जनता उठा रही-केदार कश्यप

**जगदलपुर** । भाजपा प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव के बीच संबंधों को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के बीच जारी आपसी लड़ाई का खामियाजा बस्तर और सरगुजा क्षेत्र की जनता को उठाना पड़ रहा है, बस्तर और सरगुजा संभाग में स्वास्थ्य सेवाएं वेंटिलेटर पर चली गई है, आम जनता परेशान है। किसी भी प्रकार की नई योजनाएं शुरू नही हो पा रही है, जो प्रदेश को बदहाली की तरफ ले जा रही है। पुरानी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए न नीति है न नीयत है। कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के बीच की खाई अब रंजिश में बदलती जा रही है, स्वास्थ्य मंत्री के बस्तर और दंतेवाड़ा दौरे में जिला प्रशासन के मुखिया का प्रोटोकाल में न पहुंचना किसके इशारे पर हो रहा है, यह जनता भलीभांति जानती है। बड़े अधिकारियों के साथ-साथ पार्टी संगठन से जुड़े बड़े पदाधिकारियों की अनुपस्थिति ने बता दिया कि इस रंजिश की आग अब पूरे प्रदेश में फैलती जा रही है। जिसका नुकसान बस्तर और सरगुजा संभाग के आदिवासी भाइयों और बहनों को उठाना पड़ रहा है।

**मुख्यमंत्री केबिनेट सहयोगियों की भी बात नही सुन रहे हैं**

## कानाकुला गांव के सैकड़ों ग्रामीण सड़क समस्या को लेकर पहुंचे डीएफओ मिलने

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत कानाकुला गांव के सैकड़ों ग्रामीण सालों से जस की तस बनी सड़क की समस्या को लेकर धरमजयगढ़ डीएफओ से मिलने पहुंचे। चूंकि पोटिया से कानाकुला वन मार्ग है इस दौरान प्रभावित सैकड़ों ग्रामीणों के साथ गांव के सरपंच और उपसरपंच मौजूद रहे। लेकिन धरमजयगढ़ वन मंडल में सीसीएफ दौरा के मद्देनजर वन अधिकारी बाहर से ही ग्रामीणों से मुलाकात किए इस दौरान मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी आप बिती सड़क की समस्या से उपस्थित वन अधिकारी को अवगत कराया गांववासियों से नवपदस्थ धरमजयगढ़ रेंज अफसर अमित रोशन किस्पोट्टा एवं डिप्टी रेंजर डीडी सिदार एक बार फिर ग्रामीणों की समस्या भरी आवेदन का अवलोकन किया और उन्हें सड़क समस्या से निजात दिलाने पुनः आवशावन दिया। कहा गया कि पोटिया से कानाकुला मार्ग निर्माण को लेकर फारेस्ट मनरेगा के तहत पूर्व में ही जिला ऑफिस लिखकर भेजा चुका है ताकि लोगों की समस्या का समाधान हो सके।

दर असल मामला पोटिया से कानाकुला मार्ग का है जहां गांववासी देर शाम रात कठनाई भरी कच्ची पगडंडी रास्ते से आवाजही करने को मजबूर हैं जबकि आपको बता दें। पोटिया कानाकुला मार्ग पूरी तरह से हाथी प्रभावित है ऐसे में उन्हें जान खतरा भी बना रहता है लिहाजा ग्रामीण डरे सहमे मजबूरन कच्ची रास्ते से आनाजाना कर रहे हैं ग्रामीणों का कहना है गांव तक महज मिट्टी मुरम सड़क का निर्माण हो जाए तो कुछ हद तक हमे आवाजाही करने में आसानी हो होगी। अब ऐसे में देखने वाली बात होगी की ग्रामीणों द्वारा दोबारा संबंधित अधिकारियों से भेंट मुलाकात पत्र व्यवहार बावजूद क्या इस ओर जिम्मेदार आलाधिकारियों का ध्यान आकर्षित होता है या फिर ग्रामीणों की समस्या जस की तस बनी रहती है।

### एक नजर

## 14545 पर कॉल कर रायगढ़ नगर निगम वासी ले सकते है 13 सेवाओं की घर पहुंच सुविधा

जन्म, मृत्यु, विवाह एवं स्थायी निवास प्रमाण-पत्र जैसे सेवाओं का ले सकते है घर बैठे लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मजदूर दिवस के उपलक्ष्य पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरुआत की है। इस योजना के माध्यम से हितग्राही 14545 पर कॉल कर कर जन्म, मृत्यू, विवाह एवं स्थायी निवास सहित 13 प्रकार की सेवाओं का घर पहुंच लाभ ले रहे है। यह योजना नगर निगम रायगढ़ में भी शुरू हो गयी है। मुख्यमंत्री मितान योजना से जनसामान्य को अन्य कार्यो को छोड़कर दस्तावेज बनाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर से मुक्ति मिलेगी। इस योजना के अन्तर्गत सेवाओं के लिए मितान टोल फ्री नंबर 14545 एक कॉल करने पर मितान घर पहुंच रहे है। सेवाएं प्राप्त करने वाले व्यक्ति की जरूरी दस्तावेजों का स्कैन कर एवं दस्तावेज बनाने उपरांत मितान द्वारा उसे घर पहुंचाया जा रहा है। मितान योजना की सारी प्रक्रिया डिजीटल होगी। इस योजना के माध्यम से सभी नागरिकों विशेषतः बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं निरक्षरों को आसानी से कई प्रकार की सेवाएं घर बैठे ही मिल सकेगी। वर्तमान में 14 नगर निगमों में 13 प्रकार की सेवा उपलब्ध होगी, जिसका शीघ्र ही पूरे प्रदेश में विस्तार किया जाएगा और अन्य सेवाएं भी इस योजना के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। प्रारंभ में इस योजना अन्तर्गत जन्म प्रमाण पत्र, विवाह, निवास, आय, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य सेवाओं की घर पहुँच सुविधा मिल रही है।

## मोदी सरकार से देश की अर्थव्यवस्था नहीं संभल रही-कांग्रेस

75 साल में रूपया सबसे निचले पैदान पर

**रायपुर** । मोदी सरकार के कुप्रबंधन के कारण देश की अर्थव्यवस्था तबाही की ओर जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार के निकम्मेपन का बढ़ता स्तर भारतीय मुद्रा को इतिहास के सबसे निचले स्तर तक गिरा चुका है। मोदी सरकार देश की अर्थव्यवस्था नहीं संभाल पा रही है। आजादी के बाद भारतीय रूपया अपने सबसे निचले पायदान पर है। आज अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रूपये की कीमत 77.50 हो गई है। 75 साल में रूपया इतना कभी नहीं गिरा। जब यूपीए सरकार में रूपया गिरा था तो पीएम मोदी इसको लेकर मखौल किया करते थे। मोदी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर टिप्पणी करते हुये कहा था कि प्रधानमंत्री और रूपये में गिरने की होड़ लगी है। आज जब भारतीय रूपया अब तक के सबसे नीचे के पायदान पर है तब भी क्या मोदी अपने बयान पर कायम है? क्या आज भी रूपया और प्रधानमंत्री में नीचे गिरने की होड़ लगी हुई है? मोदी सरकार में भारतीय रूपये आईसीयू में चला गया है। अब यह भाजपा के मार्गदर्शक मंडल की उम्र को भी क्रॉस कर गया है। आखिर इसकी वजह क्या है? रूपया सबसे निचले स्तर पर आ गया है। मोदी सीएम होते तो सरकार पर निशाना साधते और देशद्रोही बता देते लेकिन पीएम मोदी चुप है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कोविड आने से पहले ही 2017 में नोटबंदी और जीएसटी के प्रभाव से देश में कैशफ्लो में 77 प्रतिशत तक कमी आ चुकी थी। उल्टी दिशा में तेजी से भाग रही अर्थव्यवस्था के लिये मोदी सरकार पूंजीवादी, मुनाफाखोरी और गलत आर्थिक नीतियां ही जिम्मेदार है। अपने चंद पूंजीपति मित्रों को मुनाफा पहुंचाने कोल, पेट्रोलियम, खाद्य तेल जैसे आवश्यक वस्तु का देश के भीतर उत्पादन कम करके आयातित महंगे उत्पादों को खपाने का कुत्सित प्रयास मोदी सरकार कर रही है और इसी कारण लगातार भारतीय रूपया टूट रहा है। सदियों से बांग्लादेश को निर्यात किए जाने वाला चावल भी अब बंद हो गया है। कॉटन यार्न का निर्यात भी तेजी से घटा है। मोदी राज में आयात दिनों-दिन बढ़ रहा है और निर्यात कम हो रहा है जिसके चलते वैश्विक व्यापार संतुलन बिगड़ रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि 2014 में जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब भारतीय मुद्रा 58 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर था। आज भारतीय मुद्रा 77.50 डॉलर के स्तर तक गिर चुका है। मोदी सरकार के 8 साल के शासनकाल में भारतीय मुद्रा लगभग 20 रुपये प्रति डॉलर गिर चुका है। भाजपा ने हमेशा से ही काँग्रेस द्वारा निर्मित देश के आधारभूत ढांचे को खोखला करने का काम किया है। भाजपा राज में एक तरफ मोदी सरकार के खरबपति मित्रों की आय बढ़ती जा रही है और दूसरी तरफ भारतीय अर्थव्यवस्था को ग्रहण लगते जा रहा है। उद्योगपतियों के उंगलियों पर बेशर्मी से नाच रही मोदी सरकार द्वारा निर्मित महंगाई जनता को लगातार नोच खा रही है।देश में हर रोज गरीबों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, हर रोज किसी न किसी उपक्रम पर ताला लग रहा है, प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने की बात करने वाली सरकार में हर रोज सैकड़ों लोग बेरोजगार हो रहे हैं। भारतीय मुद्रा दिन-ब-दिन कमजोर होता जा रहा है। अयोग्य और निकम्मी मोदी सरकार देश को गर्त की ओर ले जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में व्यवसायी दम्पत्ति की मौत के बाद घटनास्थल पर पहुंचे दर्जनों नगरवासी

नेशनल हाईवे पर घण्टों तक चला पूजा पाठ

जोहार छत्तीसगढ़-कुनकुरी।



अभी दो दिन पहले कुनकुरी के पास सड़क में व्यवसायी दम्पत्ति की मौत के बाद मंगलवार को घटनास्थल की पूजा पाठ कराई गई आमजनों की सुरक्षा के लिए बजरंग बली का झंडा गाड़ा गया। शनिवार की रात कुनकुरी के सलिहा टोली से आगे ईंट भट्ठे के पास कुनकुरी के कपड़ा व्यवसायी सौरभ बंसल और उनकी पत्नि निशु बंसल की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आध्यात्मिक भय समाया हुआ है। स्थानीय लोगों का मानना है कि जिस जगह शनिवार की रात घटना घटित हुई और इटना बड़ा हादसा हो गया उस जगह पर दर्जनों बार हादसे हो चुके हैं और कई लोगों की मौत हो चुकी है, ये जो घटनाएं हो रही है उसका कारण ईश्वरीय प्रकोप है। ईश्वरीय प्रकोप के चलते यहां आये दिन बड़े-बड़े हादसे होते हैं इसलिए यहां मंगलवार को कुनकुरी के दर्जनों लोग घटनास्थल पर पहुंचे हैं। वहां बजरंगी की पूजा की गई। हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और पूजा पाठ के बाद घटना घटित होने वाले जगह बजरंग बली का झंडा गाड़ा गया। कुनकुरी के व्यापारी अमित अग्रवाल ने बताया कि उन्हें लगता है कि जगह पर कोई न कोई निगेटिव एनर्जी है जिसके चलते इसी आस पास ही बडी-बडी दुर्घटनाएं होती है और यहां घटित होने वाली दुर्घटनाओं में अक्सर लोगों की मौत हो जाती है। निगेटिव एनर्जी को दूर करने के उद्देश्य से उस जगह पर आज पूजा पाठ कराया गया। दरअसल शनिवार को जहां घटना घटी थी उसी जगह पर अमित अग्रवाल का ईंट भट्ठा है।

## ग्राम पंचायत चराईडांड़ में उड़ रही स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।

विकास खंड दुलदुला अन्तर्गत ग्राम पंचायत चराईडांड़ में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सप्ताह में दो दिन साफ सफाई ग्राम पंचायत चराईडांड़ से अधिकृत किया गया सिहारडांड स्व सहायता समूह द्वारा किया जाता है जिसमें विशेषकर चराईडांड़ चौक में सफाई कार्य किया जाता है।





बाकी चौक के अगल बगल ही कचरा ढेर लगा हुआ है जिसमें पुराना सचिवालय, नया पंचायत भवन के सामने मुख्य सड़क के किनारे मुर्गा काटकर अवशेष बाकी कचड़ा को पंचायत भवन के सामने फेंकने से ढेर लगा हुआ है और जिसके कारण पंचायत मुख्यालय में आने जाने वाले आम लोगों को काफी परेशानी होती है जबकि सरपंच- सचिव भी उसी रास्ते से आते जाते हैं और देखते रहते हैं। इसके बावजूद स्वच्छ भारत मिशन का धज्जियां उंडाते देखे जा सकते हैं इस विषय पर सचिव ग्राम पंचायत चराईडांड़ से पूछने पर उन्होंने बताया कि मुर्गा व्यवसायी को पंचायत में बुलवाकर मुर्गा काटकर अवशेष बाकी कचड़ा फेंकने से मना किया गया था किन्तु वह पंचायत के बात नहीं मान कर पंचायत घर के सामने ही सड़क किनारे मुर्गा के अवशेष को फेंक दिया जा रहा है लेकिन अभी तक उक्त मुर्गा व्यवसायी के उपर पंचायत की ओर से कार्यवाही नहीं किया जा सका है।

लेकिन आम लोगों के लिए काफी परेशानी है अपने पंचायत मुख्यालय पहुंचने के लिए उन्हें कचड़ा का दुर्गंध का सामना करना पड़ता है और एक तरह से कहा जा सकता है कि ग्राम पंचायत चराईडांड़ में स्वच्छ भारत मिशन योजना की धज्जियां उड़ाई जा रही है। अपने ही कार्यालय को कचड़ा एवं दुर्गंध से बचा नहीं पा रहे हैं तो ग्राम पंचायत चराईडांड़ के टोला, मुहल्ला का क्या हाल हो सकता है, अब सवाल यह उठता है कि एक तरफ सरकार ग्राम साफ सफाई के लिए लाखों रुपये खर्च कर स्वच्छ भारत मिशन जैसे महत्वपूर्ण योजना चला रही है तो दूसरे ओर ग्राम पंचायतें सरकार के महत्वाकांक्षी योजना का धज्जियां उड़ा रही हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in